वर्ष 24, अंक 279, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 18 अप्रैल 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट



# गिर गया महिला आरक्षण और परिसीमन बिल

## टूट गई 50% आबादी की उम्मीद, पक्ष में पड़े 298 वोट

**नई दिल्ली**

**संसद** के तीन दिवसीय विशेष के दौरान महिला आरक्षण 131वें संशोधन बिल को पास नहीं कराया जा सका. महिला आरक्षण और परिसीमन से जुड़े तीन बिलों के ऊपर शुक्रवार की शाम को हुई वोटिंग में क्ष में सिर्फ 298 वोट ही पड़े. यानी 50 प्रतिशत आबादी की उम्मीद को बड़ा झटका लगा है. बिल गिरने के बाद लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि कुल वोट 528 पड़े, जिनमें से इसके पक्ष में 298 और ना में 230 वोट पड़े. पहले राउंड में कुल 489 वोट पड़े जिनमें पक्ष में 278 और खिला में 211 वोट पड़े. इस बिल को दो तिहाई बहुमत यानी 352 वोटों की जरूरत थी. यानी जरूरत से 54 वोट कम पड़े.

इससे पहले, महिला आरक्षण विधेयक को लेकर लोकसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली. एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी दलों से इस बिल का समर्थन करने की अपील की, तो वहीं विपक्ष ने इसे लेकर गंभीर आपत्तियां उठाईं.


अमित शाह बोले क्यों जरूरी परिसीमन

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इस सदन में 543 सांसद बैठते है. किसी के संसदीय क्षेत्र में मतदाता की संख्या 49 लाख तो किसी के यहां 60 हजार है. कई सीटें इतनी बड़ी हो गई हैं कि सांसद उनसे मिल भी नहीं पाता है. मतदाताओं की अपेक्षा होती है, वो सांसद से मिलना चाहता है.उन्होंने कहा कि क्या जो लोग विरोध कर रहे हैं, वो मुझे समझा सकता है कि जिनके यहां 49 लाख मतदाता हो, वो अपने ज़िम्मेदारी का निर्वाहन कैसे करता होगा ? इसी को ध्यान में रखते हुए संविधान में समय समय पर परिसीमन का प्रावधान है.

इससे पहले, लोकसभा में बोलते हुए विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने इस बिल को ह्छलावाह्न करार दिया और कहा कि ह्ययह बिल यहीं गिर जाएगा.ह्व उन्होंने दावा किया कि यह वास्तव में महिलाओं के हित में लाया गया विधेयक नहीं है.

राहुल ने किया जोरदार विरोध

राहुल गांधी ने अपने भाषण में कहा कि 2023 में जो महिला आरक्षण बिल पास हुआ था, उसी समय सत्ता पक्ष के सहयोगियों ने संकेत दिया था कि इसे लागू करने में लंबा समय लग सकता है. उनके मुताबिक, मौजूदा प्रस्ताव के जरिए असल मुद्दे से ध्यान हटाया जा रहा है. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस बिल के बहाने भारत के चुनावी नक्शे (इलेक्टोरल मैप) को बदलने की कोशिश की जा रही है. राहुल गांधी का कहना था कि यह केवल महिला आरक्षण का मुद्दा नहीं है, बल्कि इसके पीछे राजनीतिक गणित छिपा हुआ है, जिसे जनता के सामने लाना जरूरी है. जहां सरकार इसे महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने की दिशा में बड़ा कदम बता रही है, वहीं विपक्ष इसे राजनीतिक रणनीति और संरचनात्मक बदलाव के तौर पर देख रहा है।




### महिला आरक्षण बिल नहीं हुआ पास तो आया प्रियंका चतुर्वेदी का बड़ा बयान, 'महिलाओं के लिए दुखद...'



**महिला** आरक्षण बिल लोकसभा से पास नहीं हो सका. इस पर शिवसेना (यूबीटी) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि भारत की उन महिलाओं के लिए दुखद दिन है जो संसद या विधानसभा में अपनी जगह बनाने की उम्मीद रखती थीं. महिला आरक्षण बिल को लेकर लोकसभा में हुई वोटिंग ने 528 सांसदों ने भाग लिया. इस बिल को पास कराने के लिए दो तिहाई बहुमत यानी 352 वोट चाहिए थे. इस बिल के पक्ष में 298 वोट ही पड़े. विपक्ष में 230 वोट पड़े और इस तरह से ये लोकसभा से पास नहीं हो सका.

## 'बाल सफेद हो जाएंगे यहां नहीं बैठ पाओगे', बिना नाम लिए राहुल गांधी पर अमित शाह का निशाना

**लोकसभा** में महिला आरक्षण बिल पर वोटिंग से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर देश में उत्तर और दक्षिण की राजनीति करने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा, 'जो संविधान हाथ में लेकर शपथ लिए हैं वो देश में उत्तर-दक्षिण करना चाहते हैं हम वो नहीं होने देंगे. ये समझते हैं कि इस तरह के नेरेटिव से वे पोपुलर हो जाएंगे.' इसके बीद पीएम मोदी की चेयर की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा, 'बाल सफेद हो जाएंगे यहां नहीं बैठ पाओगे.'



इंडिया गठबंधन ने महिला आरक्षण का विरोध किया

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'इस चर्चा को अगर बारीकी से कोई सुनेगा तो महिला आरक्षण के लिए जो संविधान संशोधन है, उसका किसी ने विरोध नहीं किया है. सभी ने कहा है कि यह संविधान संशोधन जो आया है, उसका हम स्वागत करते हैं, लेकिन इंडिया गठबंधन के सभी सदस्यों ने स्पष्ट रूप से महिला आरक्षण का विरोध किया है.'

उन्होंने कहा, 'मैं इस देश की मातृशक्ति से कहना चाहता हूं कि राहुल गांधी की अनुपस्थिति में कांग्रेस पार्टी ने जो प्रस्ताव रखा है. वह एक सुनियोजित जाल है, जिससे महिला आरक्षण को फिर से 2029 से पहले लागू न होने दिया जाए इसलिए ये जो कहते हैं कि हमारे राज्यों को समान भार होना चाहिए, मैं सहमत हूं. महिला आरक्षण 2029 से पहले होना चाहिए. 2029 के बाद ले जाने के लिए इनके षड्यंत्र को हम सफल नहीं होने देंगे.'

गृह मंत्री अमित शाह ने बताया, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और केरल. इन पांच राज्यों की 543 सीटों में वर्तमान संख्या 129 है, जिसका प्रतिशत 23.76 बनता है।

## दिल्ली में मौसम ने दी राहत, कई इलाकों में बारिश

**नई दिल्ली**

**देश** की राजधानी दिल्ली का मौसम करवट ले रहा है. मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों के लिए राजधानी में गरज चमक के साथ बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है. मौसम विभाग के मुताबिक दिन में बाद में शहर के कुछ स्थानों पर गरज के साथ हल्की बारिश हो सकती है. आईएमडी ने बताया कि शहर में न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम का अब तक का सबसे अधिक है, जबकि अधिकतम तापमान लगभग 39 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है. मौसम वैज्ञानिकों ने मौजूदा परिस्थितियों की व्याख्या करते हुए कहा कि बादल छाए रहने का कारण राजस्थान के पश्चिमी हिस्सों और पड़ोसी देश पाकिस्तान के ऊपर बना साइक्लोन सकुर्लेशन है. उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों से धूल के कण दिल्ली-एनसीआर की ओर आ रहे हैं, जिसके चलते हवा में धूल की परत और वायु गुणवत्ता में गिरावट दर्ज की गई है.



मौसम विभाग के मुताबिक राजस्थान के श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू और बीकानेर जैसे इलाकों में गुरुवार को गरज के साथ हल्की बारिश और आंधी चलने की गतिविधियां दर्ज की गई थीं. विशेषज्ञों का कहना है कि इसी मौसमी गतिविधि का असर दिल्ली के मौसम पर भी पड़ रहा है वहीं राजधानी में मौसम को लेकर स्काईमेट के महेश पलावत ने कहा कि अगले दो से तीन दिनों में दिल्ली-एनसीआर और उत्तर-पश्चिम भारत में तापमान में और वृद्धि होने की आशंका है।

## सरकार के ओवरलोडिंग पर नए टोल नियमों से विवाद, ट्रांसपोर्ट संगठनों ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली**

भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा लागू राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (संशोधन) नियम, 2026 को लेकर ट्रांसपोर्ट सेक्टर में नई बहस छिड़ गई है. ये नियम 15 अप्रैल 2026 से प्रभावी हो गए. इन नियमों पर ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने गंभीर आपत्ति जताते हुए इसे सड़क सुरक्षा के बजाय राजस्व केंद्रित बताया है।

## मैं अपनी टिप्पणी पर कायम हूं: प्रशांत किशोर

**बिहार**

**जन** सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर फिर बरसे हैं. शुक्रवार (17 अप्रैल, 2026) को उन्होंने कटिहार में कहा कि सम्राट चौधरी को नहीं पता कि वो पैदा कब हुए. उन्होंने एफिडेविट में लिखा है कि 7वीं पास हैं, अगले एफिडेविट में लिखा है मदुरै कामराज यूनिवर्सिटी से पीएफसी किया, कब किया ये नहीं बताया. प्रशांत किशोर इतने पर नहीं रुके, उन्होंने आगे कहा कि सम्राट चौधरी ने बताया है कि अमेरिका से ऊ छक्ळ किया, आम आदमी को सरकारी नौकरी करनी हो और वो एक सर्टिफिकेट गलत लगा दे तो सस्पेंड हो जाएगा. एफआईआर तक होगी, लेकिन राज्य का मुखिया ऐसा आदमी बना जिसके बारे में ये पता नहीं कि वो पैदा कब हुए. प्रशांत किशोर ने कहा कि मैंने सम्राट चौधरी पर जो पहले टीका-टिप्पणी की है, मैं उसपर बिल्कुल कायम हूं।

## 'महिला-विरोधी सोच' रखने वाले लोग इस कानून का विरोध कर रहे हैं- अनुराग

**नई दिल्ली**

**जनता** पार्टी (भाजपा) के सांसद अनुराग ठाकुर ने बुधवार को विपक्षी पार्टियों की आलोचना करते हुए कहा कि वे महिला आरक्षण बिल का समर्थन नहीं कर रही हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि 'महिला-विरोधी सोच' रखने वाले लोग इस कानून का विरोध कर रहे हैं.

उनकी यह टिप्पणी संसद के तीन दिन के बढ़े हुए बजट सत्र के दोबारा शुरू होने से ठीक एक दिन पहले आई है. इस सत्र के दौरान



'नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023' में संशोधनों और एक प्रस्तावित परिसीमन बिल पर चर्चा होने की उम्मीद है, ताकि संसद में महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण सुनिश्चित किया जा सके. आईएएनएस से बात करते हुए ठाकुर ने कहा: 'जो लोग महिला-विरोधी हैं, वे ही यह काम कर रहे हैं। 1971 में ही यह तय हो गया था कि किसे कितनी सीटें मिलेंगी। दक्षिण भारतीय राज्यों को उससे ज्यादा सीटें मिल रही हैं.'

उन्होंने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण भी मिल रहा है. इसलिए जिन पार्टियों की विचारधारा महिला-विरोधी है, वे आज इसका विरोध कर रही हैं– चाहे वह (कांग्रेस सांसद) सोनिया गांधी हों, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हों।

## युवकों को चलती थार की खिड़की पर स्टंट करना पड़ा भारी

**देहरादून**

**दिल्ली**-देहरादून कॉरिडोर पर एक खतरनाक स्टंट का मामला सामने आया है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. इस वीडियो में एक युवक चलती थार गाड़ी की खिड़की पर खड़ा होकर स्टंट करता नजर आ रहा है, जबकि गाड़ी तेज रफ्तार में दौड़ रही है. बताया जा रहा है कि यह वीडियो हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपलोड किया गया था, जिसके बाद यातायात पुलिस ने इसका संज्ञान लिया।

## सुरक्षाबलों ने 4 माओवादी को किया ढेर

**झारखंड**

**झारखंड** के हजारीबाग ज़िले में सुरक्षा बलों के साथ हुई एक मुठभेड़ में चार माओवादी मारे गए। पुलिस ने बताया कि एक गुप्त सूचना मिलने के बाद, केरेडारी पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत बटुका जंगल इलाके में यह मुठभेड़ हुई। बरकागाँव के रउढड, पवन कुमार ने कहा, "इस मुठभेड़ में चार माओवादी मारे गए हैं। उनकी पहचान की जा रही है।" उन्होंने बताया कि इस अभियान में कोई भी सुरक्षाकर्मी घायल नहीं हुआ, और कहा कि इस अभियान के बारे में और जानकारी बाद में दी जाएगी। माओवादियों के साथ मुठभेड़ में



चार सुरक्षाकर्मी घायल

एक अन्य घटनाक्रम में, एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस हफ़्ते की शुरूआत में, झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम में, मिसिर बेसरा के नेतृत्व वाले एक माओवादी दस्ते के साथ हुई जबरदस्त गोलीबारी में चार सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। मिसिर बेसरा पर 1 करोड़ रुपये का इनाम घोषित है। अधिकारियों ने बताया कि यह मुठभेड़, जो सुबह के समय छोटानागरा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत सारंडा जंगल में शुरू हुई थी।


### दिल्ली में यमुना के उफान से निपटने की तैयारी

## राजधानी में बनेगी 4.72 किमी लंबी सुरक्षा दीवार

**नई दिल्ली**

दिल्ली में हर साल बाढ़ की मार झेलने वाले इलाकों को राहत देने के लिए सरकार ने बड़ा फैसला लिया है. यमुना के बढ़ते जलस्तर से बचाव के लिए राजधानी में एक लंबी सुरक्षा दीवार बनाने की योजना को मंजूरी मिल गई है, जिसे 2027 के मॉनसून से पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है. मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने ऐलान किया कि मजनूं का टीला से ओल्ड रेलवे ब्रिज तक करीब 4.72 किलोमीटर लंबी दीवार बनाई जाएगी.

यह परियोजना बजट का हिस्सा है और इसे बार-बार आने वाली बाढ़ की समस्या को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है. सरकारी अधिकारियों के मुताबिक यह दीवार यमुना के पानी को रिहायशी इलाकों में घुसने से रोकेगी. खासतौर पर सिविल लाइंस, कश्मीरी गेट, यमुना बाजार और मजनूं का टीला जैसे इलाकों को इससे राहत मिलने की उम्मीद है, जहां हर साल बाढ़ का सबसे ज्यादा असर देखने को मिलता है.



हर साल बढ़ता खतरा, रिकॉर्ड तोड़ चुका है जलस्तर

दिल्ली में बाढ़ का खतरा हर साल बढ़ता जा रहा है. 2023 में यमुना का जलस्तर 208.66 मीटर तक पहुंच गया था, जो अब तक का रिकॉर्ड है. वहीं, 2025 में भी नदी खतरे के निशान से ऊपर बहते हुए 207.48 मीटर तक पहुंच गई थी, जिससे कई इलाके पानी में डूब गए थे।

## देहरादून में सीएम धामी का औचक निरीक्षण

### शिकायतकर्ता के साथ मौके पर पहुंच अफसरों को लगाई फटकार

**देहरादून**

**देहरादून** में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक बार फिर जन समस्याओं के प्रति अपनी गंभीरता और संवेदनशीलता का परिचय दिया. सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज एक शिकायत को केवल कागजों में निपटाने के बजाय उन्होंने खुद मौके पर पहुंचकर वास्तविक स्थिति का जायजा लिया. शुक्रवार को निर्धारित समीक्षा बैठक से पहले मुख्यमंत्री सीधे देहरादून के जाखन क्षेत्र पहुंच गए, जहां एक स्थानीय निवासी द्वारा फुटपाथ की खराब स्थिति को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई थी.



जाखन निवासी विवेक मदान ने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत करते हुए बताया था कि राजपुर रोड पर विद्युत लाइनों को अंडरग्राउंड करने के कार्य के दौरान पहले से बने फुटपाथ को नुकसान पहुंचाया गया. उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तराखंड पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा खुदाई के बाद उचित तरीके से मिट्टी का भरान नहीं किया गया, जिससे फुटपाथ की टाइल्स धंस गई हैं. इसके कारण राहगीरों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है और फुटपाथ का उद्देश्य भी पूरा नहीं हो पा रहा।

## 'दम है तो गोरखपुर से लड़ें चुनाव'

### स्मृति ईरानी का सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव को चैलेंज

**नई दिल्ली**

महिला आरक्षण को लेकर देश की संसद से लेकर वाराणसी तक हलचल तेज है. इसी बीच नारी शक्ति वंदन से जुड़े कार्यक्रम को लेकर उत्तर प्रदेश डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी वाराणसी पहुंचे. महिला आरक्षण को लेकर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार की जमकर तारीफ की. इसी बीच स्मृति ईरानी ने अखिलेश यादव द्वारा कल सदन में किए गए टिप्पणी पर पलटवार करते हुए बड़ा बयान दे दिया.



पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा, "बहुत आसान है परंपरागत सीट से चुनाव लड़ना, मुझ जैसी औरत जो कामकाजी है उसने किसी के गढ़ में जाकर परचम गाढ़ा और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष को हराया. अगर अखिलेश यादव इतना ही दमखम रखते हैं तो परंपरागत सीट छोड़कर गोरखपुर से लड़कर दिखाएं, आसान होता है कामकाजी महिला पर टिप्पणी करना और वह जिन्होंने खुद कभी नौकरी ना कि हो."

'गंभीर नेता के पास सीरियल देखने का वक्त नहीं होता'

पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा, "इस बात कि मुझे खुशी है कि उत्तर प्रदेश के राजनीति में विपक्ष में उनका रहना सुनिश्चित है, क्योंकि जो यूपी की राजनीति करता है वह अच्छी तरह से जानता है कि गांव-गांव पात पात जाने में इतना वक्त परिश्रम लगता है कि गंभीर नेता के पास सीरियल देखने का वक्त नहीं होता."

'किसी के गढ़ में जाकर हराने का दम नहीं'

उन्होंने कहा, "मैं स्पष्ट रूप से कह रही हूं कि पैतृक सीट से लड़कर जिन्हें धरोहर में राजनीति मिली है वह ठहाके लगा सकते हैं लेकिन किसी के गढ़ में जाकर हराने का दम मुझे उनमें नहीं दिखता. जहां तक की महिला आरक्षण विधेयक की बात है अगर उनके द्वारा संसद में इस विधेयक के समर्थन में बात कही जाती तो बड़ा ही प्रोडक्टिव कंट्रीब्यूशन होता।

कांग्रेस ने देश को पहली महिला प्रधानमंत्री और पहली महिला राष्ट्रपति का नेतृत्व दिया और अब सरकार के महिला आरक्षण विधेयक को लेकर इस बात पर सवाल उठाया जा रहा है ।

# युवा उद्यमी योजना की समीक्षा में फिसड्डी बैंकों पर सख्त रुख, समय से लक्ष्य पूरा करने के निर्देश

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने शुक्रवार को एनआईसी सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान विभिन्न बैंकों द्वारा स्वीकृत और वितरित ऋण की स्थिति का आकलन किया गया।समीक्षा के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले बैंकों की सराहना की गई। इनमें बैंक ऑफ बड़ौदा, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, इंडियन बैंक और बैंक ऑफ इंडिया शामिल रहे, जिन्होंने योजना के तहत अधिक ऋण वितरण किया।वहीं, लक्ष्य के अनुरूप प्रदर्शन न करने वाले बैंकों पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक को कड़ी चेतावनी देते हुए निर्देश दिए कि वित्तीय वर्ष 2026-27 की शुरूआत से ही ठोस कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करें। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री की यह महत्वाकांक्षी योजना युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए अहम है, इसलिए इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक मणि प्रकाश मिश्र, जीआईसी के जीएम शरद टंडन सहित विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक मौजूद रहे।

# मऊआइमा में पुलिस कर्मी के कमरे का ताला तोड़ कर लाखों की चोरी, तहरीर

**मऊआइमा।** पुलिस के कमरे का ताला तोड़ कर अज्ञात चोरों ने कमरे में घुस गए।अलमारी ,संदूक का ताला तोड़ कर लाखो के जेवरात नगदी सहित पर हाथ साफ कर दिए। भुक्तभोगी ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छीमीताल निवासी राजेंद्र कुमार सिंह पुत्र भोलानाथ का कहना है कि गुरुवार को रात में वह अपने कमरे में परिवार के साथ सो गया। शुक्रवार को सुबह उठा तो देखा कि बगल के कमरे का ताला टूटा था।तथा सारे सामान बिखरे हुए थे। और सन्दूक अलमारी का ताला तोड कर चोरों ने सोने की जंजीर, लॉकेट, बिछिया, पायल आदि चोरी कर लिए थे। और छोटे भाई महेंद्र यादव जो यूपी पुलिस गाजीपुर में तैनात है उसके कमरे का ताला टूटा था। कमरे की अलमारी का लॉक तोड कर चोरों ने पैंतीस हजार नकदी और चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। राजेन्द्र सिंह ने बताया कि वह छत पर गया तो देखा कि चाचा अमरनाथ के छत से साडी की रस्सी बंधी थी।चोर चोरी करने के उसी के सहारे भाग गए। राजेन्द्र सिंह ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है।





# ओवरलोड ट्रेलर से भिड़ी बाइक, एक युवक की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

अखंड भारत संदेश

**सहसो।** प्रयागराज-गोरखपुर राजमार्ग पर शुक्रवार सुबह करीब 10:30 बजे एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा थरवई थाना क्षेत्र के भोपतपुर गांव के सामने हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सड़क किनारे खड़ा ओवरलोड गिट्टी लदा ट्रेलर जैसे ही पटरी से मुख्य सड़क पर चढ़ने लगा, उसी दौरान फूलपुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही बाइक अनियंत्रित होकर ट्रेलर के ड्राइवर साइड में जा भिड़ी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान मलावां खुर्द निवासी राजन (35) पुत्र राम सजीवन, संदीप (32) पुत्र वंशी लाल और धनंजय भारती (25) पुत्र सुरेश भारती के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही एनएचएआई की एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बनी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने धनंजय भारती को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल राजन और संदीप को प्राथमिक उपचार के बाद प्रयागराज स्थित स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर पहुंची थरवई पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# खुल्दाबाद सम्प्रेक्षण गृह में जागरूकता शिविर, बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर व कानूनी अधिकारों की जानकारी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** खुल्दाबाद स्थित राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बालिकाओं और महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव, स्वास्थ्य, महिला सशक्तीकरण और सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।

कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एक्शन प्लान के तहत जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सत्य प्रकाश त्रिपाठी के निर्देश पर हुआ। इसकी अध्यक्षता प्राधिकरण की सचिव प्रदीप्ति सिंह ने की। शिविर में राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (बालिका) और महिला शरणालय में रह रहीं बालिकाओं व महिलाओं ने भाग लिया।

सचिव प्रदीप्ति सिंह ने बालिकाओं के खान-पान, स्वास्थ्य, शिक्षा, योग और साफ-सफाई की व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए अधीक्षिका को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने शिविर में मौजूद बालिकाओं व महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर के लक्षण, बचाव और समय पर जांच के महत्व के बारे में बताया, साथ ही उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी भी दी।



मध्यस्थ रितन्धरा मिश्रा ने बालिकाओं को शिक्षा और खेलकूद के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। पैनल अधिवक्ता प्रेरणा परिहार ने सर्वाइकल कैंसर के कारण, लक्षण और बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं, पराविधिक स्वयंसेवक अंजलि यादव ने महिला सशक्तीकरण, आत्मनिर्भरता और विभिन्न प्रकार की हिंसा से बचाव के तरीकों पर जागरूक किया। शिविर में मौजूद महिलाओं को यह भी बताया गया कि वे अपने जीवन से जुड़े निर्णय स्वयं लें और शिक्षा व आर्थिक रूप से सशक्त बनें, ताकि सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें।

कार्यक्रम के बाद सचिव ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), शिशु गृह, बालिका गृह और महिला शरणालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर अधीक्षिका, शिक्षक-शिक्षिकाएं, चिकित्सक, पराविधिक स्वयंसेवक और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कामाख्या गैस एजेंसी पर धांधली का आरोप

## उपभोक्ता के कनेक्शन पर दूसरे का नंबर लिंक कर गैस डकारी

अखंड भारत संदेश

**मांडा।** विकास खण्ड मांडा ब्लॉक मुख्यालय के करमा सेतु पुल के समीप कामाख्या गैस एजेंसी में उपभोक्ताओं के हक पर डाका डालने का गंभीर मामला सामने आया है। क्षेत्र के निवासी रवि शंकर यादव ने एजेंसी संचालकों और कर्मचारियों पर मिलीभगत कर फजीर्वाड़े का आरोप लगाया है।

रवि शंकर यादव का आरोप है कि उनके गैस कनेक्शन के साथ किसी दूसरे व्यक्ति का मोबाइल नंबर लिंक कर दिया गया है। इस हेराफेरी के कारण गैस की बुकिंग और डिलीवरी किसी अन्य व्यक्ति को कर दी जाती है।



पीड़ित रवि शंकर यादव पिछले पांच महीनों से गैस प्राप्त करने के लिए भटक रहे हैं। उनका कहना है कि एजेंसी कार्यालय में बैठे लोग जानबूझकर दूसरों के कनेक्शन पर फर्जी नंबर सेट कर गैस की कालाबाजारी कर रहे हैं।

उपभोक्ता ने इस समस्या के समाधान के लिए कई बार एजेंसी कार्यालय के चक्कर काटे, लेकिन वहां तैनात कर्मियों द्वारा उनकी कोई सुनवाई नहीं की गई और न ही समस्या का समाधान निकाला गया।

मामले की पुष्टि और एजेंसी का पक्ष जानने के लिए जब संवाददाता ने एजेंसी के जिम्मेदार कर्मचारी से संपर्क करने का प्रयास किया, तो उन्होंने फोन उठाना उचित नहीं समझा। बार-बार कॉल करने के बावजूद न तो फोन रिसीव किया गया और न ही कोई कॉल बैक किया गया।

संवाददाता द्वारा गैस एजेंसी मालिक से फोन पर वार्ता की गई, जिस पर उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि ₹ऐसी अनियमितता संभव नहीं है, लेकिन यदि तकनीकी स्तर पर ऐसी कोई समस्या है, तो उसे तत्काल जांच कर दुरुस्त कराया जाएगा।₹

पीड़ित रवि शंकर यादव ने उच्चाधिकारियों से इस पूरे मामले की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने और अपने गैस कनेक्शन को दुरुस्त करने की मांग की है।

# एकल विद्यालय के आरोग्य प्रशिक्षण वर्ग का समापन

## ग्रामीण स्वास्थ्य जागरूकता पर दिया जोर

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** स्वास्थ्य को व्यक्ति की सबसे महत्वपूर्ण संपत्ति बताते हुए उसके संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। यह विचार भाजपा के जिला महामंत्री अनिरुद्ध सिंह पटेल ने एकल विद्यालय द्वारा सहसों संच में नव चयनित आरोग्य सेविका बहनों के दस दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के समापन समारोह में व्यक्त किए। कार्यक्रम का आयोजन शिवाजी पीजी कॉलेज सहसों में किया गया।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक अभाव के कारण लोग स्वास्थ्य पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे पाते हैं। ऐसे में एकल विद्यालय के आरोग्य आयाम के माध्यम से गांवों में लोगों की देखभाल और जागरूकता का प्रयास अत्यंत सराहनीय है।

संभाग अभियान प्रमुख विष्णुपति ने एकल विद्यालय की परिकल्पना प्रस्तुत करते हुए बताया कि भारत के एक लाख से अधिक गांवों में एकल का कार्य संचालित हो रहा है। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अंचल अध्यक्ष आलोक गुप्ता ने कहा कि एकल विद्यालय फाउंडेशन पंचमुखी शिक्षा के माध्यम से बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ आरोग्य, संस्कार और ग्राम विकास की भी सीख दे रहा है। उन्होंने बताया कि सहसों में नियुक्त आरोग्य सेविका बहनें गांव-गांव जाकर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करेंगी और निःशुल्क मधुमेह एवं रक्तचाप की जांच भी करेंगी। कार्यक्रम का संचालन आरोग्य योजना के प्रमुख अमरेश जी ने किया। इस अवसर पर अंचल अभियान प्रमुख संदीप तिवारी, अंचल उपाध्यक्ष पवन शुक्ला, सुषमा पटेल, महावली सिंह, धर्मेंद्र गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। समारोह के समापन पर आरोग्य सेविका बहनों को मधुमेह एवं रक्तचाप मापने के किट वितरित किए गए।

# 95.4% अंकों से परीक्षा पास करके कुशाग्र दीक्षित ने किया नाम रोशन

**जंघई।** नागरिक पीजी कालेज जंघई में हिंदी विषय के विभागाध्यक्ष एवं फुपुक्टा के प्रदेश संयुक्त मंत्री डॉ गंगेश दीक्षित एवं राजकीय इंटर कालेज वाराणसी में जीव विज्ञान की प्रवक्ता डॉ स्मिता मिश्रा के पुत्र कुशाग्र दीक्षित ने सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 10 वीं के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 95.4% अंकों से उत्तीर्ण करके परिवार, विद्यालय, क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परिवार के सदस्यों में

बड़े पापा वाचस्पति दीक्षित अवकाश प्राप्त जिला मनोरंजन कर अधिकारी, कमलेश दीक्षित डीसीपी लखनऊ, बड़ी मम्मी मोहिता दीक्षित आदि लोगों ने कुशाग्र के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामना एवं आशीर्वाद दिया।



सनबीम विद्यालय भगवानपुर, वाराणसी के होनहार, प्रतिभाशाली कुशाग्र प्रारंभ से ही पढ़ाई लिखाई में मेधावी छात्र हैं, इनकी उपलब्धि पर विद्यालय एवं घर पर खुशी का माहौल है सभी ने कुशाग्र का मुंह मीठा कराते हुए आशीर्वाद दिया और उज्जवल भविष्य की कामना किया।

# एमआरएस स्कूल में मेधावियों को किया गया सम्मानित

**झूंसी।** पटेल नगर स्थित मुंशी रामानंद स्कूल एंड कॉलेज में सीबीएसई हाईस्कूल (कक्षा 10) का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रधानाचार्य, प्रबंधक एवं समस्त विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक अरविंद सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष हाईस्कूल परीक्षा में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। शांतनु प्रजापति ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा रिद्धि सरोज एवं आशीष सिंह यादव ने 94 प्रतिशत, श्रेष्ठ यादव एवं सानू सिंह ने 93 प्रतिशत, देवेश तिवारी, आदर्श बिंद, आयुषी यादव, अरबी कुशवाहा एवं श्रेया ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं तनु यादव, आयुष गुप्ता एवं अंकुर यादव ने 91 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय प्रशासन ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मांडा में ग्राम रोजगार सेवकों की हड़ताल : मानदेय लंबित होने पर एडीओ पंचायत को सौंपा ज्ञापन

**मांडा।** विकास खंड मुख्यालय पर शुक्रवार दोपहर ग्राम रोजगार सेवकों ने अपनी मांगों को लेकर एडीओ पंचायत अरुण कुमार यादव को ज्ञापन सौंपा। रोजगार सेवकों का मानदेय पिछले 6-8 महीनों से लंबित है, जिसके कारण उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान रोजगार सेवकों ने 'वेतन नहीं तो काम नहीं' के नारे लगाए। उन्होंने बताया कि लंबित मानदेय के कारण उनके परिवारों का भरण-पोषण मुश्किल हो गया है।

ग्राम रोजगार सेवकों ने खंड विकास अधिकारी से लेकर जिलाधिकारी तक कई बार अपनी समस्या से अवगत कराया है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला है। ग्राम रोजगार सेवक संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी ने निर्णय लिया है कि पूरे प्रदेश के सभी ब्लॉकों में 16 अप्रैल 2026 से 1 मई 2026 तक सांकेतिक कलमबंद हड़ताल की जाएगी। रोजगार सेवकों ने अपनी समस्याओं के समाधान और सहयोग की मांग की है। ज्ञापन सौंपते समय ब्लॉक कंप्यूटर ऑपरेटर महेश कुमार गौड़, ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मी शंकर यादव, श्रीराम भारतीय, रवि शंकर यादव, लाल बहादुर, राम लाल रत्नाकर, सत्यम दूबे, दिनेश कुमार यादव, सरिता पाल, राघवेंद्र प्रताप, दिनेश कुमार बिंद और मनोज कुमार पाण्डेय सहित कई रोजगार सेवक मौजूद रहे।



# प्रयागराज में सिटी गैस विस्तार को लेकर सख्ती लंबित एनओसी जल्द जारी करने के निर्देश

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को एनआईसी सभागार में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) की जनपद स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) नेटवर्क के विस्तार और उसके प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने पीएनजी पाइपलाइन विस्तार से जुड़े लंबित एनओसी प्रकरणों पर नाराजगी जताते हुए संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ शीघ्र एनओसी जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों से कहा कि डिमांड नोट प्रस्तुत करने से पहले ही जलकल, विद्युत और बीएसएनएल से आवश्यक एनओसी प्राप्त कर ली जाए, ताकि कार्य में अनावश्यक देरी न हो।

बैठक में मौजूद इंडियन ऑयल और अडानी गैस प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि जिन क्षेत्रों में अभी तक घरेलू, व्यावसायिक या औद्योगिक इकाइयों को पीएनजी कनेक्शन नहीं मिला है, उन्हें चिन्हित कर वहां जागरूकता अभियान चलाया जाए और नेटवर्क विस्तार की कार्रवाई तेज की जाए। इसके अलावा, जिलाधिकारी ने उन कनेक्शनों को भी शीघ्र सक्रिय करने के निर्देश दिए जो ह्यरेडी-टू-मूवह्न होने के बावजूद अभी तक चालू नहीं हो पाए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जिन उपभोक्ताओं के पास पीएनजी के साथ एलपीजी कनेक्शन भी है, उनसे एलपीजी कनेक्शन समर्पित कराने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। बैठक में जिलापूर्ति अधिकारी सुनील सिंह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# हाईकोर्ट ने बस्ती SP को 4 घंटे तक खड़ा रखा : कहा- अपनी जिम्मेदारी समझिए, आगे से माफी नहीं मिलेगी

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हत्या के एक मामले में बस्ती पुलिस की लापरवाही पर एसपी को चार घंटे तक खड़ा रखा। कोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा- जिस व्यक्ति के पास जिले का प्रभार है, उसे अपने इंस्पेक्टर या सिपाही द्वारा दी गई जानकारी के प्रति सचेत रहना चाहिए। इसके बाद एसपी ने कोर्ट से माफी मांगी।कोर्ट ने गुरुवार को कहा- एसपी की माफी पर नरम रुख अपनाया जा रहा है। उनके खिलाफ कोई आदेश पारित करने के बजाय, उन्हें निर्देश दिया जाता है कि वे कोर्ट के उठने तक न्यायालय में मौजूद रहें। ताकि भविष्य में हाईकोर्ट या किसी भी कोर्ट के सामने शपथ-पत्र दाखिल करते समय वे अधिक सावधानी बरतें।

दरअसल, पूरा मामला एक युवती की हत्या से जुड़ा है। इसमें बस्ती पुलिस की ओर से कोर्ट में गलत तथ्यों के साथ शपथ पत्र दाखिल किया गया था। साथ ही समय पर रिपोर्ट भी नहीं भेजी गई थी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में भी वो सबूत सामने नहीं मिले, जिसे पुलिस ने अपनी जांच में शामिल किया था।मामला 25 सितंबर, 2025 का है। बस्ती के वाल्टरगंज थाना क्षेत्र में खेत जाने के लिए निकली युवती की हत्या कर दी गई थी। आरोप था युवती पर ईंट और किसी भारी चीज से वार किया गया। युवती की हत्या के बाद उसके मुंह में जहर डाला गया, लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में भी गंभीर चोट के स्पष्ट सबूत नहीं मिले।

हत्या का आरोप मनजीत कुमार समेत 3 अज्ञात लोगों पर था। परिजनों के अनुसार, आरोपी युवती पर शादी का दबाव बना रहे थे। उसके इनकार करने पर इस वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस ने इस मामले में 17 दिन बाद एफआईआर दर्ज की थी।

**रिपोर्ट देर से भेजने पर कोर्ट नाराज**

मामले में आरोपियों ने हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने थाने से पैरा-वाइज टिप्पणी मांगी। लेकिन पुलिस को रिपोर्ट भेजने में काफी देर हुई। इस पर कोर्ट ने कड़ी आपत्ति जताई। थानाध्यक्ष वाल्टरगंज उपेंद्र सिंह को भी तलब किया गया। सुनवाई के दौरान थानाध्यक्ष उपेंद्र सिंह और विवेचक हेड कांस्टेबल मनोज यादव ने देरी के लिए अभियोजन अधिकारी को जिम्मेदार ठहराया। इसके बाद कोर्ट ने अभियोजन अधिकारी राजीव कुमार को भी तलब किया। इसके बाद कोर्ट ने 7 अप्रैल, 2026 को एसपी बस्ती को तलब कर लिया।

## पूर्व एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार को नोटिस : अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने पर हाईकोर्ट ने मांगा स्पष्टीकरण

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश के पूर्व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी), कानून-व्यवस्था, प्रशांत कुमार को नोटिस जारी किया है। न्यायमूर्ति जे.जे. मुनीर और न्यायमूर्ति तरुण सक्सेना की खंडपीठ ने यह आदेश अमित कुमार सिंह उर्फ सोनू द्वारा दायर याचिका पर दिया। अदालत का यह कड़ा रुख प्रशांत कुमार द्वारा जारी एक आधिकारिक संचार में इस्तेमाल की गई भाषा को लेकर है।

**आपत्तिजनक भाषा इस्तेमाल की**

हाईकोर्ट ने एडीजी की प्रयुक्त शब्दावली को ₹आपत्तिजनक₹ माना है और आपत्तिजनक भाषा इस्तेमाल करने का स्पष्टीकरण मांगा है। कोर्ट ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम), लखनऊ को आदेश दिया है कि वे 48 घंटों के भीतर पुलिस महानिदेशक (डीजीपी), उत्तर प्रदेश के माध्यम से यह नोटिस तामील कराएं। डीजीपी को यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है कि नोटिस पूर्व एडीजी के वर्तमान निवास पर प्राप्त हो जाए।

रजिस्ट्रार (अनुपालन) को भी निर्देश दिया गया है कि वे 48 घंटों के भीतर सीजेएम लखनऊ को इस आदेश की जानकारी प्रेषित करें। मामले की अगली सुनवाई 28 अप्रैल, 2026 को होगी।

## मेजा बार के नव निर्वाचित कार्यकारिणी का आज होगा भव्य शपथ ग्रहण समारोह

**मेजा।** बार एसोसिएशन मेजा के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का भव्य शपथ ग्रहण समारोह 18 अप्रैल को तहसील परिसर में अपराह्न 1बजे आयोजित किया गया है। उक्त आशय की जानकारी बार के निर्वाचन अधिकारी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद कुमार पांडेय ने देते हुए बताया कि शपथ ग्रहण समारोह के दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीकांत तिवारी और युवा मंत्री मनोज कुमार शुक्ला की ताज पेशी के अलावा उपाध्यक्ष उपमंत्री कोषाध्यक्ष, पुस्तकालयाध्यक्ष, आय - व्यय निरीक्षक, वरिष्ठ सदस्य और कनिष्ठ सदस्यों को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। श्री पांडेय ने उक्त अवसर पर मेजा बार के सभी जूनियर और सीनियर अधिवक्ताओं के साथ क्षेत्र गणमान्य लोगों को शिरकत करने की अपील किया है।

## छात्रा को जबरन बुर्का पहनाने की आरोपी मुस्लिम छात्रा को नहीं मिली राहत, याचिका खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुरादाबाद जिले में एक छात्रा को जबरन बुर्का पहनाने और उसे इस्लाम धर्म अपनाने के लिए दबाव डालने के मामले में आरोपी मुस्लिम छात्रा को राहत देने से इन्कार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि धर्म परिवर्तन निषेध अधिनियम जैसे महत्वपूर्ण कानूनों के उद्देश्य को शुरूआती चरण में हस्तक्षेप करके विफल नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने प्राथमिकी को रद्द करने की मांग में दायर याचिका खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि प्रथम दृष्टया यह मामला गहन जांच के योग्य है। यह आदेश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर और न्यायमूर्ति तरुण सक्सेना की खंडपीठ ने दिया है।मुरादाबाद के बिलारी थाना क्षेत्र में मुस्लिम छात्रा के खिलाफ उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज है। पीड़िता के भाई ने प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि उसकी बहन जो कक्षा 12 की छात्रा है, उसे उसकी मुस्लिम सहेलियों की ओर से ट्यूशन क्लास के दौरान प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया जा रहा था। पीड़िता ने मजिस्ट्रेट के समक्ष दिए अपने बयानों में खुलासा किया कि आरोपियों ने उसे जबरन बुर्का पहनाया और उसे मांसाहारी भोजन करने के लिए उकसाया। आरोपी मुस्लिम छात्राओं ने दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की मांग करते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

## खुल्दाबाद पुलिस ने दो वांछित आरोपियों को किया गिरफ्तार

**प्रयागराज।** खुल्दाबाद थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक मामले में वांछित चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर दोनों को उनके घर से दबोचा। पुलिस के अनुसार, थाना खुल्दाबाद में दर्ज मुकदमा संख्या 32/2026, धारा 108 बीएनएस से संबंधित मामले में नफीस अंसारी और उनकी पत्नी हुमा नफीस की तलाश की जा रही थी। दोनों आरोपी करैली थाना क्षेत्र के शम्स नगर करेलाबाग के रहने वाले हैं। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने मंगलवार को उनके निवास स्थान पर दबिश दी और दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में नफीस अंसारी (42) पुत्र मोहम्मद इदरीश अंसारी और हुमा नफीस (35) पत्नी नफीस अंसारी शामिल हैं।

## नारी शक्ति ही समाज की है सशक्त और मजबूत आधारशिला : रुचि अभिषेक तिवारी

विकास खंड मेजा प्राथमिक विद्यालय पौसिया में नारी वंदन शक्ति के तहत आयोजित हुआ नारी सम्मान समारोह



पौसिया में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत महिलाओं को सम्मानित करती मुख्य अतिथि रुचि अभिषेक तिवारी

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** विकास खंड मेजा के प्राथमिक विद्यालय पौसिया में आयोजित नारी वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत नारी सम्मान समारोह में सम्मिलित होकर अत्यंत गर्व एवं आत्मीय संतोष की अनुभूति हुई। विद्यालय परिवार द्वारा दिए गए स्नेहपूर्ण स्वागत के लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ उक्त बातें शिवसेना की प्रदेश सचिव रुचि अभिषेक तिवारी ने नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति ही समाज की सशक्त आधारशिला है,जब एक महिला शिक्षित और सशक्त होती है,तो वह केवल अपने परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे समाज को नई दिशा देने का कार्य करती है। शिवसेवा प्रदेश सचिव ने आगे कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बालिकाओं की शिक्षा और उनके सर्वांगीण विकास पर ध्यान देना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा आज देश में महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास हो रहे हैं,33 प्रतिशत आरक्षण जैसे ऐतिहासिक कदम महिलाओं की भागीदारी को और अधिक सशक्त बना रहे हैं,जो राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम के दौरान रुचि तिवारी ने नियमित रूप से विद्यालय आने वाली छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित करते हुए अत्यंत प्रसन्नता जाहिर किया और कहा यह अनुशासन, परिश्रम और शिक्षा के प्रति समर्पण का बेहद सुंदर उदाहरण है। उन्होंने कहा मुझे पूर्ण विश्वास है कि ये नन्हीं बेटियाँ भविष्य में समाज का गौरव बनेंगी। उन्होंने इस गरिमा मई भव्य आयोजन के लिए शिक्षक संघ के अध्यक्ष मनीष तिवारी, विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष श्रीमती रीता पटेल, सहायक अध्यापक मांडवी द्विवेदी, अंशु चौधरी, रंजना, सुशीला, रीना देवी, सुलेखा, मंजू, मालती देवी,रीता तथा उपस्थित सभी अभिभावकों का हार्दिक आभार जताते हुए धन्यवाद दिया और कहा कि आप सभी का सहयोग और सहभागिता ही ऐसे आयोजनों को सार्थक बनाती है।

# चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने लहराया परचम, शत प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

कक्षा 10वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर साक्षी पटेल विद्यालय में बनी टॉपर, आदर्श मिश्रा भी रहे सेकंड टॉपर

**स्कूल के डायरेक्टर अखिलेश मिश्रा,प्रशासक सुधांशु मिश्रा, प्रधानाचार्य एंटोनियो कुमार सहित शिक्षक शिक्षिकाओं ने दी बधाई किया उज्जवल भविष्य की कामना**



साक्षी पटेल



आदर्श कुमार मिश्रा



अनन्या केसरी



श्रेया कुशवाहा



अनिकेत शिल्पकार

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** मेजा तहसील क्षेत्र मनु का पूरा स्थित चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल के मेधावी छात्रों ने सीबीएसई बोर्ड 10वीं की घोषित परीक्षा परिणाम सत्र 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जहां परचम लहराया है वहीं विद्यालय और परिवार के साथ साथ क्षेत्र का नाम भी रोशन किया है। विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के कुशल मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत और लगन से की गई पढ़ाई के बदौलत होनहार छात्र छात्राओं ने शानदार सफलता अर्जित करते हुए कीर्तिमान स्थापित किया है। स्कूल की साक्षी पटेल ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया है इसी प्रकार स्कूल के छात्र आदर्श कुमार मिश्रा (92.2) प्रतिशत अंक अर्जित कर दूसरे तथा अनन्या केशरी ने (89.4) प्राप्त कर तीसरा स्थान,श्रेया कुशवाहा ने (87.4) प्रतिशत अंक के साथ चौथा तथा अनिकेत शिल्पकार ने (86.2) प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवां स्थान हासिल कर संस्थान और परिवार का नाम रोशन किया है` उल्लेखनीय है कि विद्यालय होनहार एवं प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं की इस बड़ी उपलब्धि पर विद्यालय के प्रशासक सुधांशु मिश्रा और प्रधानाचार्य एंटोनियो कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं का मुंह मीठा कराया और बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया है। इस मौके पर स्कूल में शिक्षारत बच्चों के अभिभावकों ने कहा कि स्कूल में परचम लहराते हुए कीर्तिमान स्थापित करने वाले बच्चों की इस बड़ी सफलता उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन के पीछे विद्यालय प्रबंधतंत्र प्रधानाचार्य और शिक्षक शिक्षिकाओं का मार्गदर्शन तथा शिक्षा को लेकर उत्कृष्ट योगदान रहा है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए फक्र करते हुए विद्यालय परिवार का आभार जताया है। गौरतलब है कि मेजा तहसील क्षेत्र के मनु गांव के समीप प्रयागराज - मिजार्पुर हाइवे पर स्थित इस बेहद लोकप्रिय चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई बोर्ड 10वीं की परीक्षा में विद्यालय परिवार के कड़े अनुशासन में रहकर अपनी कड़ी मेहनत और लगन के साथ की गई पढ़ाई से संपूर्ण इलाके में तहलका मचाने वाले मेधावी बच्चों के सराहनीय एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन पर अखबार जगत में कलम के धुरंधर रहे स्कूल के डायरेक्टर अखिलेश मिश्रा ने कहा कि हमें अपने होनहार बच्चों, स्कूल के प्रबंधक और शिक्षक शिक्षिकाओं पर गर्व है जिनके कुशल मार्गदर्शन और अनुशासन में उत्कृष्ट शिक्षा ग्रहण कर बच्चों ने चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल की शान बढ़ाई है। उन्होंने सभी प्रतिभाशाली बच्चों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

# गेदुराही के राजकीय दिव्यांग माध्यामिक विद्यालय में दिव्यांग बच्चों का हुआ मेडिकल परीक्षण

सीएचसी मेजा की मेडिकल टीम ने परीक्षण के बाद डायरिया और लू से बचने का दिया गया ट्रिप्स, वितरित की गई दवाइयां

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** मेजा के गेदुराही स्थित राजकीय दिव्यांग माध्यामिक विद्यालय में शुक्रवार को सीएचसी मेजा के चिकित्सकों द्वारा दिव्यांग छात्राओं के नाक, कान,गला की जांच के साथ साथ डायरिया और लू से बचाव एवं सावधानियां बरतने तथा ताजा खाना खाने इत्यादि के सम्बन्ध आवश्यक जानकारी देते हुए निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई साथ ही कीड़े मारने के लिए एलबेंडाजोल की खुराक भी पिलाई गई। इस दौरान मूक बधिर दिव्यांग शनि कुमार, रेशमा बानो, श्रुति, प्राची जानवी, प्रतिभा, सुमित, सत्यम, उपासना, सौम्या, नेहा, रिया, भावना, राधा, सुमन, प्रियांशु, शुभम, अमूल, विजय, समर, साहिल तथा सोनू किशन पाण्डेय आदि के अतिरिक्त कुल 59 छात्र छात्राओं को आरबीएसके के तहत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, कुछ छात्र छात्राओं को निशुल्क मलहम, आयरन, एलबेंडाजोल और दवाएं प्रदान की गई। कुछ को मेजा दिखाने हेतु संदर्भित किया गया। इस अवसर पर सीएचसी मेजा के चिकित्सक डॉक्टर देवेन्द्र प्रताप, डॉक्टर आयशा फातिमा, कविता प्रजापति, स्टाफ नर्स, दीपशिखा शुक्ला इत्यादि द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार, शिक्षिका अनिता सरन आदि के अलावा विद्यालय के स्टाफ मौके पर रहकर मेडिकल परीक्षण की टीम का पूरा सहयोग करने में अहम भूमिका निभाई है।




मेजा के गेदुराही में दिव्यांग छात्र छात्राओं का परीक्षण करती सीएचसी मेजा के चिकित्सकों की टीम

**कार्यालय ग्राम पंचायत रायपुर घासीपुर बिकास खंड सरसवा जनपद कौशांबी**

वित्तीय वर्ष 2026 2027

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026 2027 में ग्राम पंचायत रायपुर घासीपुर बिकास खंड सरसवा जनपद कौशांबी में कराए जाने वाले विभिन्न कार्यों जी रामजी योजना राज्य वित्त योजना केंद्र वित्त योजना नाली सड़क मरम्मत निर्माण इंटरलॉकिंग मरम्मत निर्माण हैंड पंप मरम्मत हैंडपंप रिवोर सामुदायिक शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत सरकारी स्कूल मरम्मत विद्यालय पंचायत भवन में विद्युतीकरण आदि कार्य हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं टेंडर फॉर्म कार्यालय दिवस पर ग्राम पंचायत से प्राप्त किए जा सकते हैं 19 अप्रैल 2026 से 26 अप्रैल 2026 तक टेंडर फॉर्म ग्राम पंचायत में जमा किए जाएंगे 27 अप्रैल 2026 को 2:00 बजे दोपहर में उपस्थित फर्मो के समक्ष टेंडर सार्वजनिक तरीके से खोले जाएंगे निविदा स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**अनूप कुमार चौधरी**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत रायपुर घासीपुर**
**बिकास खंड सरसवा जनपद कौशांबी**

**रमा पति यादव**
**पंचायत सचिव**
**ग्राम पंचायत रायपुर घासीपुर**
**बिकास खंड सरसवा जनपद कौशांबी**

# विशेष शिविर में आयुष्मान कार्ड व कृषक दुर्घटना बीमा योजना के हुए पंजीकरण

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रयास से शुक्रवार को ब्लाक मुख्यालयों पर लगे विशेष शिविरो मे कृषक दुर्घटना बीमा तथा आयुष्मान कार्ड के जरूरतमंदो को लाभान्वित होते हुए देखा गया। सरयू समाज कल्याण संस्थान की ओर से लगे शिविर में रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक मे छत्तीस तथा लालगंज में बारह व सांगीपुर में ग्यारह लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड का पंजीकरण हुआ। लाभार्थियो को ये आयुष्मान कार्ड चैबीस घंटे बाद जनसेवा केन्द्रों से निर्गत होंगे। वही लालगंज एवं सांगीपुर मे कृषक दुर्घटना बीमा के तीन -तीन आवेदन निस्तारण की प्रक्रिया में अग्रसारित हुए। विशेष शिविर को लेकर दिन भर ब्लाक मुख्यालयो पर लाभार्थियो की भीड जुटी दिखी। आयुष्मान कार्ड व कृषक दुर्घटना बीमा के आवेदनो के लिए अलग अलग काउण्टरो पर अफसरो की देखरेख मे कर्मचारियो को निस्तारण की प्रक्रिया के लिए मशक्कत मे देखा गया। लालगंज मे विशेष शिविर का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज व खण्ड विकास अधिकारी मानवेंद्र शर्मा ने किया। शुभारंभ पर वर्चुअल संबोधन में विधायक एवं सरयू समाज कल्याण संस्थान की सचिव आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि जरूरतमंद की मदद ही सेवा का आदर्श है। उन्होने आयोजन समिति की ओर से इस मिशन में सहयोग के लिए अफसरो तथा संस्थान के स्वयं सेवकों व कार्यकताओं के प्रति आभार भी जताया। शिविर का संयोजन विधायक प्रतिनिधि आशीष उपाध्याय ने किया। रामपुर संग्रामगढ़ मे शिविर का शुभारंभ खण्ड विकास अधिकारी विजय शंकरमणि व संयोजक भुवनेश्वर शुक्ल तथा सांगीपुर में शिविर का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू व खण्ड विकास अधिकारी विमल कुमार श्रीवास्तव ने किया। सांसद प्रमोद तिवारी की ओर से प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने शिविर के प्रबन्धों की देखरेख की। सह संयोजक आशीष उपाध्याय ने बताया कि शिविर में कुल उन्सठ आयुष्मान कार्ड के पंजीकरण हुए हैं। वहीं उन्होने बताया कि छः कृषक दुर्घटना बीमा के आवेदन पत्रों को स्वीकृति के लिए संस्तुति किया गया है। आयोजन समिति के ज्ञानप्रकाश शुक्ल, राकेश चतुवेर्दी, जिपंस लालजी यादव, उधम सिंह, राजू मिश्र, बद्री प्रसाद जायसवाल, रोहित सिंह, लव सिंह, मुरलीधर तिवारी को शिविरार्थियों की मदद मे जुटे देखा गया। आयुष्मान कार्ड के लाभान्वितो को कल्याणकारी शिविर मे सुविधाओं के लिए विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रति आभार भी जताते देखा गया।

## जिले के उद्यमी चन्द्र शेखर सिंह लखनऊ में सम्मानित



**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश को अण्डा व मांस उत्पादन में आत्म निर्भर बनाने के संकल्प के साथ लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित दो दिवसीय उत्तर प्रदेश पोल्ट्री कानक्लेव 2026 का समापन हुआ। इस गरिमामयी समारोह में प्रतापगढ़ के प्रगतिशील पोल्ट्री उद्यमी और ब्रायलर इण्टीग्रेटर ऐसोशिएसन आफ उत्तर प्रदेश के कोषाध्यक्ष चन्द्रशेखर सिंह को उनके उत्कृष्ठ योगदान के लिये विशेष रुप से सम्मानित किया गया। प्रदेश में कुल 37 ब्रायलर पैरेन्ट स्टाक यूनिट संचालित है जिसमें से एक 10000 यूनिट ब्रायलर पैरेन्ट स्टाक इकाई उत्तर प्रदेश कुक्कुट विकास नीति-2022 के तहत प्रतापगढ़ के लक्ष्मणपुर ब्लाक के सरियापुर शाहपुर ग्राम में चन्द्रशेखर सिंह द्वारा स्थापित कर संचालित किया जा रहा है। चन्द्रशेखर सिंह की 10000 ब्रायलर पैरेन्ट स्टाक इकाई जनपद प्रतापगढ़ और आस पास के क्षेत्रों के किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले चूजे उपलब्ध करानें में मील का पत्थर साबित हो रहे है जिससे निकटवर्ती क्षेत्र के किसानों और कुक्कुट पालक की आय में निरन्तर बृद्धि हो रही है। इस सफलता का श्रेय सरकार की उ0प्र0 कुक्कुट विकास नीति-2022 के प्रभावी क्रियान्वयन और मुख्य विकास अधिकारी प्रतापगढ़ के निरन्तर मार्गदर्शन एवं मुख्य पशुचिकित्साधिकारी प्रतापगढ़ के कुशल नेतृत्व को दिया गया है। सम्मान प्राप्त करनें के उपरान्त चन्द्रशेखर सिंह ने कहा यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि प्रतापगढ़ के उन सभी किसानों का है जो आधुनिक तकनीक को अपना रहे है। सरकारी नीतियो और जिला प्रशासन के सहयोग से आज हम चूजो के उत्पादन में बाहरी राज्यों पर निर्भरता कम कर पा रहे है।

## न्यूज झरोखा

### अपहरण को लेकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा

**प्रतापगढ़।** युवती के लापता होने को लेकर उदयपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के रामपुर कसिहा निवासी सरिता चैरसिया पुत्री राधेश्याम ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती सोलह अप्रैल को सुबह दस बजे उसकी उन्नीस वषीर्या बहन घर से बाहर गयी थी। इस बीच गांव के ही अंकित पुत्र ओमप्रकाश यादव उसकी बहन को बहला फुसलाकर भगा ले गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी अंकित के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है।

### अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने के लिए अलर्ट जारी, जनता से सहयोग की अपील

**प्रतापगढ़।** जिला प्रोबेशन अधिकारी राम बाबू विश्वकर्मा ने आम जनमानस को सूचित किया जाता है कि दिनांक 19.04.2026 को अक्षय तृतीया के पर्व पर बाल विवाह होने की प्रबल सम्भावन बनी रहती है। यदि ऐसी कोई बालिका जिसकी आयु 18 वर्ष से कम या ऐसा कोई बालक जिसकी आयु 21 वर्ष से कम की बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल हेल्पलाइन नं0 112, 1098, 181 पर इसकी सूचना दें, जिससे बाल विवाह को रोका जा सके। बाल विवाह अधिनियम-2006 के अन्तर्गत कानूनी अपराध है। जिसमें 2 वर्ष की सजा अथवा एक लाख रुपए का जुमार्ना हो सकता है। बाल विवाह एक संज्ञेय और गैर जमानती अपराध है, इसमें शादी कराने वाले धर्मगुरू और इसमें शामिल अभिभावक को भी समान सजा मिल सकती है। आम जनमानस से अपेक्षा है कि सक्रिय रहकर अपने एवं समाज के दायित्वों के प्रति जागरूक रहकर बाल विवाह को रोकने हेतु आगे आयें, जिससे किसी भी बालकध्बालिका के भविष्य को बरबाद होने से बचाया जा सके।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत माध्यमिक विद्यालयों में कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

**प्रतापगढ़।** जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा ने बताया है कि ह्लनारी शक्ति वंदनह्ल अधिनियम का उद्देश्य राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं की भूमिका को सुदृढ़ करना एवं लैगिक समानता को बढ़ावा देना है। ह्लनारी शक्ति वंदनह्ल अधिनियम के उक्त संदेश को आगे बढ़ाने हेतु समस्त माध्यमिक विद्यालयों में गतिविधियों का आयोजन किये जा रहे है। दिनांक 16 अप्रैल को नारी शक्ति मानव श्रृंखला सशक्त नारी-विकसित भारत के संदेश आगे बढ़ाते हुए विद्यालयों में छात्राओं, शिक्षिकाओं, महिला अभिभावकों द्वारा भव्य मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। आज दिनाक 17 अप्रैल को शौर्य प्रर्दशन एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का अयोजन के अन्तर्गत एन०सी०सी० एवं स्काउट एवं गाइड की छात्राओं द्वारा अनुशासन एवं वीरता के प्रदर्शन हेतु ड्रिल एवं आत्मरक्षा तकनीको का प्रदर्शन किया गया। बालिकाओं द्वारा महिला विभूतियों के जीवन पर आधारित लघु नाटिका, लोकगीत, लोकनृत्य जैसे सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। बालिकाओं द्वारा विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

## दर्जन भर आरोपियों के खिलाफ एससीएसटी का मुकदमा

**प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद को लेकर जातिसूचक गाली देने व लाठी डंडे और धारदार हथियार से लैस होकर हमला करने की घटना मे लालगंज पुलिस ने पांच नामजद तथा आधा दर्जन अज्ञात आरोपियो के खिलाफ एससीएसटी व मारपीट तथा गालीगलौज व धमकी का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के उधरनपुर निवासी विनोद सरोज पुत्र छोटे लाल ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पन्द्रह अप्रैल को रात करीब नौ बजे उसके घर पर गांव के धर्मेन्द्र यादव, जितेन्द्र यादव, विवेक यादव, श्यामा देवी व अमरनाथ यादव तथा पांच छः अज्ञात रंजिशन आ धमके। आरोपियो ने पीडित व उसके परिवार के सदस्यो को जातिसूचक गालियां दी। मना करने पर चाकू व लाठी डंडा लेकर हमलावर हो उठे। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी धर्मेन्द्र यादव समेत दर्जन भर आरोपियो के खिलाफ बलवा तथा मारपीट व गालीगलौज समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

# निःशुल्क सहायक उपकरण पंजीकरण शिविर का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश



**पट्टी।** दिव्यांगजनों हेतु शुक्रवार को ब्लाक पट्टी में निःशुल्क सहायक उपकरण हेतु पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अभय कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले दिव्यांगजनों तथा विशेष विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों को उनके दैनिक जीवन को सुगम बनाने के लिए निःशुल्क उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। इस योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को अधिकतम 15,000 रुपये तक की लागत के कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्रदान किए जाते हैं। इनमें कृत्रिम हाथ-पैर, कैलीपर्स जैसे बनावटी अंगों के साथ-साथ ट्राईसाइकिल, बैसाखी, कान की मशीन, व्हीलचेयर, एमआर किट, ब्रेल किट, एडीएल किट, स्मार्टफोन एवं टैबलेट जैसे उपयोगी उपकरण शामिल हैं। योजना के प्रावधान के अनुसार किसी शिक्षण संस्थान में अध्ययनरत दिव्यांग छात्र-छात्राओं को प्रतिवर्ष तथा अन्य दिव्यांगजनों को प्रत्येक तीन वर्ष में एक बार इस योजना का लाभ दिया जाता है। विकास खंड पट्टी के सभागार कक्ष में एक विशेष पंजीकरण शिविर आयोजित किया गया है। यह शिविर पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 04 बजे तक चलने वाले इस शिविर में करीब 60 दिव्यांगों ने अपना पंजीकरण कराया है।

## महिला की पिटाई को लेकर तीन के खिलाफ केस

**लालगंज।** फसल की मडाई के विवाद में महिला की पिटाई को लेकर उदयपुर पुलिस ने तीन आरोपियो के खिलाफ गालीगलौज एवं मारपीट तथा धमकी का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के पूरे पण्डित उमरार निवासी बिटटू पत्नी रामखेलावन सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि सोलह अप्रैल को सायं छः बजे वह गेहूं की फसल की मडाई के लिए रामप्रकाश के टैज्क्टर के पास गयी। उसने अपने फसल की मडाई की बात की तब इससे चिढ़कर गांव के करन पुत्र पुरखा सरोज, राहुल पुत्र सुरेश सरोज, सुरेश के रिश्तेदार हरिराम सरोज गालीगलौज करने लगे। पीडिता ने मना किया तो आरोपियो ने मारपीट शुरू कर दी। बीचबचाव को पीडिता की पुत्री काजल भी पहुंची तो उसे भी आरोपियो ने मारापीटा। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी करन समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### मुंबई में रह रहे युवक पर शांति भंग की नोटिस, महिला ने उठाए सवाल

**पट्टी।** कंधई थाना क्षेत्र के कधई हनुमानगंज गांव निवासी मंजू देवी पुत्री रामप्यारे ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए एसपी समेत उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता का आरोप है कि पड़ोस के एक दूसरे समुदाय के व्यक्ति से उनका लंबे समय से जमीनी विवाद चल रहा है। उक्त व्यक्ति का थाने पर अक्सर उठना-बैठना रहता है, जिसके चलते वह स्थानीय पुलिस से मिलीभगत कर उनके परिवार को परेशान कराता रहता है ।मंजू देवी के अनुसार, गुरुवार को पुलिस द्वारा उन्हें, उनकी भाभी क्रांति देवी तथा उनके भाई के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई का नोटिस दिया गया। जबकि उनका भाई पिछले 11 महीनों से मुंबई में रह रहा है ।पीड़िता ने सवाल उठाया कि जो व्यक्ति लंबे समय से जिले से बाहर है, उससे शांति भंग की आशंका कैसे हो सकती है ।महिला ने शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे एसपी समेत उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

# सपा कार्यालय में छात्र सभा की संगठन समीक्षा बैठक आयोजित

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर शुक्रवार को समाजवादी छात्र सभा की संगठन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश कुमार श्रीवास्तव का कार्यकताओं द्वारा माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए श्री श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी की रीढ़ है। उन्होंने वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में कार्यकताओं की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक सीटें जीताने में कार्यकताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं।उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान सरकार में भ्रष्टाचार और अपराध चरम पर है तथा महंगाई लगातार बढ़ रही है। किसान, मजदूर, महिला और छात्र-नौजवान सभी वर्ग परेशान हैं, जबकि भाजपा केवल झूठे वादे करने में लगी है। उन्होंने आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से एकजुट होकर गांव-गांव जाकर भाजपा सरकार की नाकामियों को उजागर करने तथा समाजवादी सरकार के दौरान हुए जनहितकारी कार्यों को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए निरंतर संघर्ष करने पर बल दिया।इस अवसर पर छात्र सभा के जिलाध्यक्ष सचिन मौर्या, पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष मनीष पाल अनिल मौर्या अवनीश बागी इरशाद अहमद, सुमित शुक्ला, रोहित विश्वकर्मा, आदित्य सिंह सुरेश मौर्या, प्रदीप यादव, प्रवेश मौर्या, राहुल यादव आलोक श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### रास्ते से गुजरने पर रोका, विरोध पर महिला पर लाठी-डंडों से हमला

**पट्टी।** दिलीपपुर थाना क्षेत्र के पूरे बेनीराम गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, गांव निवासी संगम लाल विश्वकर्मा की पत्नी संगीता देवी गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे गांव में ही विजय शंकर पाठक के घर मजदूरी करने जा रही थीं। इसी दौरान रास्ते में गांव के ही एक व्यक्ति ने उन्हें अपने दरवाजे के सामने से गुजरने से रोक दिया। आरोप है कि जब महिला ने इसका विरोध किया तो आरोपी अंकित पाठक ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह बीच-बचाव कर उसे बचाया।घटना के बाद देर शाम पीड़िता ने दिलीपपुर थाने में तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार




**प्रतापगढ़।** थाना सांगीपुर पुलिस ने अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एक युवक को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में की गई।अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) बृजनन्दन राय व क्षेत्राधिकारी लालगंज आशुतोष मिश्रा के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी सांगीपुर गौरव त्रिवेदी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक विनय प्रताप सिंह मय हमराह कांस्टेबल संदीप कुमार व अमित कुमार द्वारा क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर रंगौली नहर ग्राम रंगौली के पास से अभियुक्त महेन्द्र उर्फ शनि (25) पुत्र स्व. हरिलाल निवासी ग्राम डिहवा थाना सांगीपुर को गिरफ्तार किया गया।तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से एक अदद अवैध देशी तमंचा .315 बोर तथा एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। इस संबंध में थाना सांगीपुर पर मु0अ0सं0 72ध्2026 धारा 3ध्25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।पुलिस के अनुसार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी रहा है और उसके विरुद्ध पूर्व में भी विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक विनय प्रताप सिंह, कांस्टेबल संदीप कुमार व अमित कुमार शामिल रहे।

## बाइक सवार युवक को लोहे की रॉड से पीटा

### चार हमलावर फरार, गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज में भर्ती

**पट्टी।** दिलीपपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार रात एक सनसनीखेज वारदात सामने आई, जहां बाइक से घर लौट रहे युवक पर अज्ञात बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया।जानकारी के अनुसार, रतनमई गांव निवासी योगेश विश्वकर्मा गुरुवार को निजी काम से जिला मुख्यालय प्रतापगढ़ गए थे। देर शाम करीब 8 बजे जब वह घर लौट रहे थे, तभी शिवसत गांव के समीप सुनसान स्थान पर पहले से घात लगाए दो बाइक पर सवार चार युवकों ने उन्हें रोक लिया।आरोप है कि हमलावरों ने लोहे की रॉड से ताबड़तोड़ वार कर युवक को अधमरा कर दिया और मौके से फरार हो गए।घटना की सूचना करीब 8रू30 बजे परिजनों को मिली, जिसके बाद परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। गंभीर रूप से घायल योगेश को तत्काल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है।इस मामले में घायल के चचेरे भाई सूर्य प्रकाश विश्वकर्मा की तहरीर पर पुलिस ने चार अज्ञात युवकों के खिलाफ जानलेवा हमले समेत अन्य गंभीर धाराओं में शुक्रवार दोपहर करीब 3.30 बजे मुकदमा दर्ज कर लिया है।थानाध्यक्ष दिलीपपुर बलराम सिंह ने बताया कि हमले के पीछे का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।आरोपियों की तलाश की जा रही है और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के जरिए उनकी पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# रामनारायण इंटर कॉलेज में नारी शक्ति वंदन पर गोष्ठी आयोजित

### महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण से मिलेगा सशक्तिकरण, छात्राओं को किया गया जागरूक

अखंड भारत संदेश



**पट्टी।** स्थित रामनारायण इंटर कॉलेज में शुक्रवार को नारी शक्ति वंदन विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार एवं छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।गोष्ठी में उप प्रधानाचार्य अनुराधा शर्मा ने छात्राओं को नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इस अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को लोकसभा एवं राज्यसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी और समाज का चतुमुर्खी विकास संभव होगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजयंत शर्मा ने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। वहीं शिक्षिका अमिता राय ने अपने विचार रखते हुए कहा कि सदन में महिलाओं की उपस्थिति बढ़ने से वे अपनी समस्याओं को प्रभावी ढंग से रख सकेंगी।कार्यक्रम में श्रीमती नीलम और पूनम ने भी अधिनियम के महत्व पर प्रकाश डाला। छात्रा आरुषि राय ने नारी शक्ति वंदन को महिलाओं के लिए उपयोगी बताते हुए अपने विचार व्यक्त किए।इस अवसर पर शिक्षिकाएं रीता, सुनीता, शीतू, अनुष्का, नीतू, दुर्गावती, रंजू, आंचल, सोनाक्षी सहित अन्य छात्राओं ने भी अपने विचार रखे।

## आरोपी के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा का केस

**प्रतापगढ़।** सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने तथा शांतिभंग की आशंका को लेकर लालगंज पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के डगरारा गांव में बीती इक्तीस जनवरी को क्षेत्रीय लेखपाल नायब तहसीलदार के साथ पहुंचे। राजस्व टीम द्वारा न्यायिक आदेश का अनुपालन कराने की प्रक्रिया शुरू हुई कि इसी बीच गांव के सुभाष सरोज, राजेश सरोज, राधे सरोज व भगवती सरोज पुत्रगण रामलखन द्वारा शांतिभंग का प्रयास किया गया। तहरीर के मुताबिक इससे शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। तहरीर के आधार पर आरोपी सुभाष समेत चार के खिलाफ पुलिस ने गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

## छिनैती के आरोपी को तमंचा व कारतूस के साथ पुलिस ने दबोचा

**प्रतापगढ़।** थाना लीलापुर पुलिस ने छिनैती के एक मामले में वांछित अभियुक्त को अवैध तमंचा, कारतूस व नगदी के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई।अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) बृजनन्दन राय एवं क्षेत्राधिकारी लालगंज आशुतोष मिश्रा के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष बैकुण्ठ नाथ पाण्डेय के नेतृत्व में उपनिरीक्षक सुमित कुमार वर्मा मय पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान बरदैत पुल के पास से अभियुक्त अशोक तिवारी (48) पुत्र हर्षनारायण तिवारी निवासी पूरे गजई थाना महेशगंज (हाल पता सगरा, कोतवाली नगर) को गिरफ्तार किया गया।तलाशी में अभियुक्त के कब्जे से एक देशी तमंचा .315 बोर, एक जिन्दा कारतूस, छिनैती से संबंधित 2200 रुपये तथा एक सैमसंग मोबाइल बरामद हुआ। इस संबंध में थाना लीलापुर में आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत अलग से मुकदमा दर्ज किया गया है।पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने अपने साथियों के साथ मिलकर महिलाओं से चैन छिनैती की योजना बनाने की बात स्वीकार की है। उसने बताया कि आर्थिक तंगी के चलते इस प्रकार की वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सुमित कुमार वर्मा, कांस्टेबल हरेन्द्र सिंह व बाबूलाल यादव शामिल रहे। पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# ट्रेन के आगे युवती ने लगाई छलांग कटकर मौत



अखंड भारत संदेश

**टेढी मोड़ कौशांबी** कोखराज थाना क्षेत्र के सुजातपुर रेलवे स्टेशन के पश्चिम मे घाटैयापर गाँव के सामने एक युवती उम्र 35 वर्ष लगभग ने शुक्रवार को दिन में डाउन लाइन मे ट्रेन आते देख कर ट्रेन के सामने छलांग लगाकर आत्म हत्या कर लिया है दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस को दी गई सूचना पर आरपीएफ पुलिस मौके पर पहुंची है युवती की शिनाख्त करने का प्रयास किया है लेकिन युवती की शिनाख्त नहीं होने के बाद पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## पारिवारिक कलह में युवक ने खाया जहर मौत



**महेवाघाट कौशाम्बी।** पारिवारिक कलह के चलते पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र में एक युवक ने गुरुवार को जहरीला पदार्थ खा लिया है जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी परिवार के लोग उसे अस्पताल लेकर गए लेकिन इलाज के दौरान शुक्रवार को एक निजी अस्पताल में उसकी मौत हो गई है मौत होते ही परिवार में कोहराम मच गया है सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के होरीलाल उम्र 29 वर्ष पुत्र हीरा लाल रोजी रोटी के सिलसिले में मुंबई में रहते हैं गुरुवार को वह मुंबई से वापस अपने घर लौटे थे परिवार ने 10 बिस्वा खेत रेहान रख दिया था इसी खेत को लेकर होरीलाल का परिवार में तनाव बढ़ा इसके बाद होरीलाल ने जहर खा लिया है जहर खाते ही उसकी हालात बिगड़ने लगी परिवार के लोग उसे स्थानीय अस्पताल में ले गए हालत गंभीर देखकर डाक्टरों ने उसे प्रयागराज रेफर किया फिर परिजनों ने उसे मंझनपुर के एक निजी अस्पताल में भती कराया जहां इलाज के दौरान शुक्रवार को युवक की मौत हो गई है युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

## ट्राला से टकराई डीसीएम, चालक गंभीर घायल



**अझुवा कौशाम्बी** सैनी कोतवाली क्षेत्र के आदर्श नगर पंचायत अझुवा स्थित नवीन मंडी समिति के सामने राष्टीय राजमार्ग पर शुक्रवार को एक तेज रफ्तार डीसीएम ट्राला के पीछे जा भिड़ी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और डीसीएम चालक गंभीर रूप से घायल हो गया प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा प्रसाद पुत्र योगेंद्र यादव निवासी बिहार,डीसीएम वाहन लेकर दिल्ली से वाराणसी जा रहा था।जैसे ही वह अझुवा की नवीन मंडी समिति के पास पहुंचा,उसी दौरान एक चार पहिया वाहन ने ओवरटेक किया। इससे डीसीएम चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा।बताया जा रहा है कि इसी बीच डीसीएम का ब्रेक भी फेल हो गया जिससे वह सामने चल रहे ट्राला के पीछे जा टकराई।टक्कर इतनी जोरदार थी कि डीसीएम का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में फंस गया। मौके पर मौजूद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल चालक को बाहर निकाला।सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस ने घायल को राष्टीय राजमार्ग एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए सिराथू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा।वहीं,क्रेन की सहायता से क्षतिग्रस्त डीसीएम को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया गया।पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## एक लोटा पानी को तरस रही है 4000 की आबादी

### जल जीवन मिशन की टंकी से आधे गांव को होती थी सप्लाई 10 दिन से वह भी हो गई बंद

**कौशांबी** चायल तहसील क्षेत्र के बालीपुर टाटा गांव में जल जीवन मिशन योजना से हर घर जल हर घर नल देने की योजना के तहत करोड़ों रुपए खर्च करके पानी टंकी का निर्माण तो सरकार ने कराया लेकिन जल जीवन मिशन योजना के अधिकारियों की तानाशाही के चलते साल भर बीत जाने के बाद भी आधे गांव की आबादी को पानी की सप्लाई से नहीं जोड़ा गया जिससे आधे गांव के लोगों को पानी की सप्लाई नहीं मिल सकी गांव की जनता बार-बार अधिकारियों से शिकायत करती रह गई लेकिन तानाशाह अधिकारी गांव की जनता की बात सुनने और उसकी समस्या का समाधान करने के लिए तैयार नहीं है इसी बीच बीते 10 दिन से तानाशाह अधिकारियों ने गांव में पूरी तरह से पानी की सप्लाई बंद कर दिया है भीषण गमी के चलते गांव की 4000 की आबादी एक लोटा पानी के लिए तरस रही है गांव में पाइप लाइन बिछाने के वक्त गड्ढे खोद दिए गए थे उसे पूरी तरह से समतल नहीं किया गया है सड़के खराब हो गई आवा गमन में दिक्कत होती है मानक के अनुसार निर्माण नहीं कराया गया है गांव के लोगों ने अवर अभियंता जयशंकर मिश्रा से फोन पर बात कर समस्या समाधान करने का प्रयास किया लेकिन अवर अभियंता की तानाशाही इस कदर है कि वह फोन नहीं उठाते हैं ड्यूटी पर रहते नहीं है शहरों में मौज मस्ती करते हैं गांव की समस्या से उनका कोई लेना-देना नहीं है इतना ही नहीं वह अपने आला अधिकारियों को भी उलटी सीधी बातें कहने से नहीं चूक रहे हैं अफसरों पर भी अवर अभियंता ने गंभीर आरोप लगाए हैं बीते 10 दिन से 4000 की आबादी एक लोटा पानी के लिए तरस रही है लेकिन उसके बाद विभागीय अधिकारियों को फर्क नहीं पड़ रहा है जिससे गांव के लोगों का आक्रोश सड़क पर उतर आया है और शुक्रवार को गांव की ग्राम प्रधान पुष्पा देवी के नेतृत्व में गणेश प्रसाद साहू राजू शर्मा विजय कुमार सत्येंद्र कुमार इरशाद अहमद अजय कुमार विश्वकर्मा धर्मेंद्र कुमार संदीप कुमार राहुल कुमार कंधई लाल विनय कुमार वीरेंद्र कुमार बीरन देशराज सहित दजर्नों लोगों ने जिला अधिकारी को पत्र भेजकर पानी सप्लाई बहाल कराए जाने की मांग की है।

## आंगनबाड़ी केंद्र होने के बावजूद कागजों में चलता है आंगनवाड़ी

**महेवाघाट कौशाम्बी।** विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते आंगनबाड़ी केंद्र केवल शोपीस बनकर रह गए हैं गर्भवती महिलाओं धात्री और बच्चों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है जिम्मेदार अधिकारी अब तो ग्रामीणों का फोन भी नहीं उठाते हैं जिससे उनकी तानाशाही का अंदाजा लगाया जा सकता है सरसवा विकास खण्ड क्षेत्र के अलवारा गांव में आंगनवाड़ी भवन बने लगभग 2 वर्ष से 3 वर्ष बीत गए हैं लेकिन भ्रष्टाचारी अधिकारी एवं कमर्चारी की बदौलत आज तक अलवारा गांव के नौनिहालों गर्भवती महिलाओं को पोषक तत्व नहीं मिल पा रहा है गांव में चार आंगनबाड़ी कार्यकती और केंद्र होने के बावजूद प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में नाम के लिए आंगनवाड़ी केंद्र का संचालन दिखाया गया है । ना तो बच्चों के लिए बैठने के लिए उचित व्यवस्था है ना हीं टाट पट्टी कुसी केंद्र में मौजूद है टाट पट्टी कुसी आदि का पूरा पैसा जिम्मेदारों ने निकाल लिया है आंगनबाड़ी केंद्र संचालन के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति की जा रही है गांव के लोग जब अधिकारियों से बात करने के लिए फोन लगाते हैं तो कोई भी जिम्मेदार अधिकारी फोन नहीं रिसीव करते हैं। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की महत्वपूर्ण परियोजना बाल विकास एवं पुष्टाहार भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता जा रहा है।

## लव जिहाद और कॉर्पोरेट जिहाद के विरोध में विहिप व बजरंग दल का प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

### जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन, आरोपी के खिलाफ कार्रवाई




**कौशांबी।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने लव जिहाद और कॉर्पोरेट जिहाद के खिलाफ शुक्रवार को प्रदर्शन किया।मुख्य रूप से नासिक महाराष्ट्र में टीसीएस कार्यालय में कथित यौन उत्पीड़न और जबरन धर्मांतरण के मामलों को लेकर जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। जिला मुख्यालय मंझनपुर के डायट मैदान में शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता एकत्रित हुए। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री राजेंद्र पार्क हुआ बीजेपी के जिला संयोजन धीरेंद्र सिंह की अगवाई में पदाधिकारी ने विरोध प्रदर्शन करते हुए लव जिहाद के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद कलेक्ट्रेट पहुंच कर मंझनपुर एसडीएम को जिला मंत्री व जिला संयोजक ने राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन सौपा। इस दौरान जिला संयोजक ने कहा कि नासिक महाराष्ट्र में टीसीएस कार्यालय में कथित यौन उत्पीड़न और जबरन धर्मांतरण के मामलों सामने आए हैं। आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। कहा कि मुस्लिम जिहादी मोहम्मद अयाज द्वारा 180 नाबालिक हिंदू की लड़कियों का शोषण कर वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप सामने आया है। इसके अलावा देश के विभिन्न नगरों में सरकारी गोचर भूमि पर अवैध तरीके से मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा अवैध कब्जा किया गया है इसे तत्काल खाली कराया जाए। समाज में वैमनस्य फैलाने के उपदेश खान पान की वस्तुओं को आप बबीता किया जा रहा है ऐसे लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई हो ज्ञापन सौंपते समय मुख्य रूप से जिला संगठन मंत्री प्रेम नारायण, जिला सह मंत्री विवेक जयसवाल, जिला गो रक्षा प्रमुख रूपेंद्र शर्मा,रिंकू केसरवानी नगर अध्यक्ष मंझनपुर, रोहित कुमार पांडेय,उमेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष, धीरज, आशीष, सत्यम, विक्रम कुमार,राजेंद्र कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नहर तालाब सूखे किसान से लेकर पशु पक्षी तक बेहाल

**बैरमपुर कौशांबी** भीषण गमी के चलते गांव-गांव में तमाम तालाब सूख गए हैं सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा नहरों में पानी नहीं छोड़े जा रहे हैं जिससे तरफ जहां किसानों की मूंग उड़द की फसल सहित खरबूजा हिरमिंजी तरबूज खीरा ककड़ी और सब्जी की फसले सूख रही है तालाब और नर सूख जाने से पानी के बिना भीषण गमी में पशु पक्षी भी तड़प रहे हैं प्यासे पशु पक्षियों की मौत हो रही है इतना ही नहीं भीषण गमी के चलते किसानों के खेतों में खड़ी फसल में तेजी से आग लग रही है जिले के विभिन्न क्षेत्रों के दजर्नों किसानों के खेतों में आग लग चुकी है जिससे फसलें जलकर खाक हो गई है तालाब में पानी न होने से नहरे सूख जाने से आग लगने के बाद खेत की आग को बुझाने में भी किसानों को समस्याएं आ रही हैं तालाब में पानी भरे जाने का निर्देश शासन द्वारा प्रत्येक साल दिया जाता है और ग्राम पंचायतों द्वारा तालाब में पानी भरने के नाम पर प्रत्येक वर्ष करोड़ों का बजट सरकारी खजाने से निकाल लिया जाता है लेकिन बरसात

**तालाब में पानी भरने के नाम पर हर साल होता है ग्राम पंचायतों में करोड़ों का घोटाला**

होने के बाद पानी भरने का ड्रामा किया जाता है जिससे बरसात के पानी से तालाब भर जाते हैं ग्राम पंचायत के जिम्मेदार कहते हैं कि उन्होंने नलकूप से तालाब में पानी भरवा दिया है और इसी ड्रामेबाजी में सरकारी रकम हड़प की जाती है भीषण गमी के दिनों में तालाब में पानी नहीं भरे जाते हैं और सरकारी खजाने की रकम हजम कर ली जाती है पूरे जिले में इन दोनों किसान परेशान दिखाई पड़ रहे हैं इस संबंध में जब सरसावा विकासखंड क्षेत्र के लौंगावा अजरौली डकसरीरा कोरीपुर, कोल्हुआ बैरमपुर अंधावा,पश्चिम शरीरा आज गांव के दजर्नों किसानों से बात की गई तो उनका कहना है कि इलाके में नहरों में पानी नहीं है जिससे खेतों की फसलों तक पानी नहीं पहुंच पाता है और भीषण गमी के चलते खेत की फसल सूखकर बर्बाद हो रही है किसानों ने बताया कि तालाब में पानी नहीं है जिससे भीषण गमी के चलते पशु पक्षी पानी के बिना व्याकुल दिखाई पड़ते हैं और व्याकुल पक्षियों की पानी के बिना मौत हो रही है। इसी तरह जब मूरतगंज विकासखंड क्षेत्र के हर रायपुर आलम चंद बसेड़ी शोभना आदि गांव के किसानों से बात की गई तो उनका कहना कि क्षेत्र में तालाब सूखे हैं तालाब में पानी नहीं भरे गए हैं नहरों का संसाधन इलाके में नहीं है जिससे किसानों की फसलें सूख रही हैं सिराथू विकासखंड क्षेत्र के सायरा चकिया मीठेपुर गोरियों गराई सहित कई गांव के किसानों से बात की गई तो उनका कहना कि इलाके में नहर का जाल तो बिछाया गया है लेकिन नहरों की स्थिति बेहद खराब है सीजन में भी पानी कम छोड़ा जाता है इस समय तो गमी में नहर सूख गई है जिससे गमी के दिनों की फसले पूरी तरह से पानी के अभाव में सूख रही है इलाके के दजर्नों गांव के किसानों से बात की गई तो उनका कहना है कि तालाब में भी पानी नहीं भराए गए हैं जिससे तालाब से भी सिंचाई नहीं हो पाती है और पानी न होने से पशु पक्षी बेहाल है पानी के बिना पशु पक्षी व्याकुल होकर तड़प रहे हैं।

## नवीन परती जमीन पर अपने चहेतों से मोटी रकम लेकर लेखपाल ने कराया अवैध कब्जा

**कौशांबी** सरकार के निर्देश पर एक तरफ तहसील के अधिकारी गांव में समाधान करके भूमि विवाद का मामला निपटा रहे हैं और सरकारी जमीनों से कब्जा खाली करवा रहे हैं दूसरी तरफ लेखपाल सरकारी जमीन पर कब्जा करवाकर धन वसूली कर रहा है सिराथू तहसील क्षेत्र के देवखरपुर गांव के मजरा बाजापुर में गाटा संख्या 162 नवीन परती के नाम पर अभिलेखों में दर्ज है यह जमीन चक बाजापुर गांव में स्थित है जिस पर लेखपाल ने अपने चहेतों से मोटी रकम लेकर कथित रूप से अवैध मकान बनवा दिया है आरोप है कि भ्रष्टाचार में लिप्त लेखपाल की मिलीभगत से सरकारी जमीन नवीन परती भूमि पर निर्माण कराया गया,जिससे राजस्व नियमों की खुलेआम अनदेखी हो रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने और अवैध कब्ज़ा हटाने की मांग की है।

## गेहूं क्रय केन्द्रों पर ही होगी फार्मर रजिस्ट्री

**कौशांबी।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में जनपद के कृषकों द्वारा क्रय केन्द्रों पर अपने गेहूँ के विक्रय के लिए पहुँचने वाले कृषकों की सुविधाओं के दृष्टिगत उनकी फार्मर रजिस्ट्री कराये जाने की व्यवस्था क्रय केन्द्र पर ही सुनिश्चित की जायेगी, जिससे कृषकों द्वारा सरलतापूर्वक अपनी उपज की तौल एवं विक्रय करायी जा सके।यह जानकारी जिला खाद्य विपणन अधिकारी सुधांशु शेखर चौबे ने देते हुए बताया कि जिलाधिकारी ने जनपद के सभी क्रय केन्द्रों पर क्रय केन्द्रवार कॉमन सर्विस सेंटर संचालकों को फार्मर रजिस्ट्री करने के लिए नामित किया गया है। सभी नामित कॉमन सर्विस सेंटर संचालक प्रतिदिन सम्बन्धित क्रय केन्द्र पर उपस्थित रहेंगे। यदि कोई कृषक गेहूँ के विक्रय के लिए क्रय केन्द्र पर पहुँचता है और पोर्टल पर उसकी फार्मर रजिस्ट्री नही मिलता है तो वहाँ स्थापित हेल्प डेस्क पर तैनात कमर्चारी उसके दस्तावेजों के आधार पर तत्काल फार्मर रजिस्ट्री करायी जायेगी। फार्मर आईडी में भूमि का समस्त विवरण अंकित नही होने की स्थिति में संचालकों द्वारा मौके पर अवशेष खतौनी का विवरण दर्ज कराने एवं फार्मर आईडी अपडेट करने में कृषक की मदद की जायेगी। कृषक द्वारा फार्मर आईडी अपडेट होने के उपरांत सम्बन्धित लेखपाल द्वारा ऑनलाइन सत्यापित किया जायेगा। तदुपरांत तहसील स्तर पर फार्मर रजिस्ट्री अपडेट हो जायेगी। कृषक बंधु क्रय केन्द्र पर अपना आधार एवं समस्त खतौनी साथ लायें। इसके अतिरिक्त आधार से लिंक मोबाइल नम्बर भी साथ रखना अनिवार्य है, ताकि ओ.टी.पी. से सत्यापन हो सके।जिन गाँवों में वतर्मान में चकबन्दी या सर्वे की प्रक्रिया चल रही है,वहाँ किसानों की फार्मर आईडी अभी तक नहीं बन पायी है,ऐसे ग्रामों के कृषकों को सम्बन्धित ग्राम में स्थित भूमि की सीमा तक पूर्व की भाँति गेहूँ का विक्रय करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी।जिलाधिकारी ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी तथा सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता को निर्देशित किया गया है कि क्रय केन्द्रों पर किसी भी प्रकार की शिकायत न प्राप्त हो एवं पारदर्शिता एवं गाइडलाइन के अनुसार गेहूं क्रय कराया जाना सुनिश्चित किया जाय। गेहूं क्रय केन्द्रों पर किसी भी प्रकार की समस्या असुविधा होने पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम का नं0-0532-2990013 पर अथवा जिला खाद्य विपणन अधिकारी के मोबाइल नं0-9919420950 तथा सी.यू.जी. नं0-7839564974 पर संपर्क किया जा सकता है।

## ग्राम-चरवा में भूमि विवाद की 03 शिकायतों का एडीएम ने मौके पर कराया निस्तारण



अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** अपर जिलाधिकारी (वि./ रा.) शालिनी प्रभाकर एवं उप जिलाधिकारी,चायल अरुण कुमार ने टॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधान अभियान के अंतर्गत आज ग्राम-चरवा में कैम्प आयोजित कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित 03 शिकायतों का ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया।अपर जिलाधिकारी एवं उप जिलाधिकारी ने राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा नगर पंचायत चरवा के मजरा मदुकी में निर्माणाधीन सी.सी. रोड एवं नाली के निर्माण कार्य में आ रही समस्या का समाधान किया गया। ग्राम की गाटा संख्या 930 में विपक्षियों को प्राथी की भूमिधरी में कूड़ा-कचरा व गोबर फेंके जाने से मना किया गया।अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए।



### ग्राम अतरसुइया एवं ग्राम प्यूली असानतपुर में एसडीएम ने भूमि विवाद की शिकायतों का मौके पर कराया निस्तारण

**कौशांबी** उप जिलाधिकारी मंझनपुर आकाश सिंह ने ह्लटॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधानह्व अभियान के अंतर्गत आज ग्राम अतरसुइया एवं ग्राम प्यूली असानतपुर में कैम्प आयोजित कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों का ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया।उप जिलाधिकारी ने शिकायतों का मौके पर ही समाधान कराया। ग्राम की गाटा संख्या 123 में दो पक्षों के मध्य भूमि विवाद का निस्तारण कराया गया। ग्राम प्यूली असानतपुर की गाटा संख्या 135 में हुए अस्थाई अतिक्रमण को तत्काल मौके पर हटवा दिया गया उप जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### ग्राम-गम्भीरा पूरब में भूमि विवाद की 08 शिकायतों का एडीएम ने मौके पर कराया निस्तारण



**कौशांबी** अपर जिलाधिकारी न्यायिक ओम प्रकाश एवं उप जिलाधिकारी,सिराथू योगेश कुमार गौड़ ने टॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधान अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को ग्राम-गम्भीरा पूरब में कैम्प आयोजित कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित आदि शिकायतों का ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया।अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) एवं उप जिलाधिकारी ने राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम की गाटा संख्या-774, जो खतौनी में तालाब की भूमि दर्ज है, पर हुए अवैध कब्जे को मौके पर हटवाया गया। इसके साथ ही शिकायतकर्ता भैंरो प्रसाद एवं वीरेन्द्र द्वारा जल निकासी की समस्या की शिकायत पर तत्काल मौका मुआयना कर समस्या का निस्तारण कराया गया। उप जिलाधिकारी ने आमजन को जमीनी विवाद से बचने एवं कोर्ट से जमीन विवाद निपटाने की प्रक्रिया की भी जानकारी दी।अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

## न्यूज झरोखा

### राजू सक्सेना को देखने अपने सहेलियों के साथ किन्नर मुस्कान मौसी पहुंची



**भरवारी कौशांबी** भरवारी कस्बे के मेहता रोड निवासी राजू सक्सेना पत्रकार का ऑपरेशन होने के बाद वह अपने आवास पर पहुंच गए हैं बीते कई दिनों से लगातार उनके आवास पर उनका स्वास्थ्य का हाल-चाल जानने के लिए लोगों का जमावड़ा लग रहा है शुक्रवार के दिन किन्नर समाज की महामंडलेश्वर मुस्कान मौसी भी अपनी सहेलियों के साथ राजू सक्सेना पत्रकार के घर पहुंची है और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना ईश्वर से की है।

### कानून व्यवस्था मजबूत करने हेतु एसपी सत्य नारायण प्रजापत के नेतृत्व में हाई-इंटेसिटी बलवा ड्रिल अभ्यास



**कौशांबी।** जनपद में कानून व्यवस्था को अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी सत्य नारायण प्रजापत के नेतृत्व में शुक्रवार को पुलिस लाइन कौशाम्बी के परेड ग्राउंड पर हाई-इंटेसिटी बलवा ड्रिल अभ्यास कराया गया।ड्रिल के दौरान पुलिस बल को दंगा नियंत्रण उपकरणों से लैस होकर न्यूनतम बल प्रयोग, विधिक प्रावधानों के अनुपालन एवं टियर गैस गन,एंटी राइट गन,चिली बम,रबर बुलेट,हैंड ग्रेनेड आदि के प्रयोग का प्रशिक्षण दिया गया।अभ्यास में 10 टीमों द्वारा क्रमवार कार्रवाई का प्रदर्शन किया गया, जिसमें एलआईयू द्वारा सूचना संकलन, नागरिक पुलिस द्वारा समझाने-बुझाने,चेतावनी,पानी का छिड़काव,टियर गैस का प्रयोग, लाठी पार्टी की कार्रवाई तथा आवश्यकता पड़ने पर फायर पार्टी द्वारा आत्मरक्षा का अभ्यास शामिल रहा। घायलों के उपचार हेतु प्राथमिक चिकित्सा टीम व एम्बुलेंस की कार्यवाही,भीड़ हटने के बाद पिकेट लगाकर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा पूरे अभ्यास की ड्रोन कैमरे से निगरानी भी की गई।पुलिस अधीक्षक सत्य नारायण प्रजापत ने ड्रिल का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार हेतु दिशा-निर्देश दिए और इस प्रकार के अभ्यास निरंतर जारी रखने पर जोर दिया इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक,समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन, थाना शाखा प्रभारी सहित पुलिसकर्मी व रिक्रूट आरक्षी उपस्थित रहे।

### अभियोजन कार्यों एवं एक्विटल रिपोर्ट की समीक्षा गोष्ठी आयोजित



**कौशांबी** पुलिस अधीक्षक सत्य नारायण वा एडीएम ओम प्रकाश एवं क्षेत्राधिकारी मंझनपुर शिवांक सिंह की उपस्थिति में दिनांक 16.04.2026 को पुलिस कार्यालय स्थित दुर्गा भाभी सभागार में अभियोजन कार्यों एवं एक्विटल रिपोर्ट की समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा माहवार अभियोजन कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण,प्रभावी पैरवी एवं साक्ष्यों के सुदृढ़ संकलन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। न्यायालयों से दोषमुक्त एक्विटल हुए वादों की समीक्षा करते हुए उनके कारणों का गहन विश्लेषण किया गया तथा विवेचना एवं अभियोजन स्तर पर पाई गई कमियों को दूर करने के निर्देश दिए गए।पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी विवेचकों को निर्देशित किया गया कि वे गुणवत्तापूर्ण विवेचना सुनिश्चित करते हुए समयबद्ध रूप से चाजशीट प्रेषित करें तथा अभियोजन अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर न्यायालय में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करें,जिससे अपराधियों के विरुद्ध कठोर एवं सुनिश्चित दंडात्मक कार्यवाही हो सके।गोष्ठी में अन्य संबंधित अधिकारी कमर्चारी उपस्थित रहे।

### मँझनपुर से लखनऊ के लिए सरकारी बस चलाने की मांग, राहगीरों को होगा सफर आसान



**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी** जनपद मुख्यालय मँझनपुर से लखनऊ जाने के लिए सीधी सरकारी बस न होने से राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने सरकार से सुजातपुर और करेटी घाट होते हुए प्रतापगढ़ व लखनऊ तक सरकारी बस चलाने की मांग की है सुजातपुर और करेटी घाट होते हुए प्रतापगढ़ व लखनऊ जाने वाले राहगीरों को अभी सैनी से लहदरी होकर लंबा रास्ता तय करना पड़ता है। स्थानीय ग्रामीणों और व्यापारियों का कहना है कि अगर सरकार मँझनपुर से लखनऊ के लिए सीधी बस सेवा शुरू कर दे तो सफर आसान हो जाएगा। इससे समय की बचत होगी और व्यापारियों को आने जाने में भी सुविधा मिलेगी।अभी मँझनपुर से लखनऊ जाने के लिए लोगों को निजी वाहनों या सैनी होकर जाना पड़ता है,जिससे किराया और समय दोनों ज्यादा लगता है। लोगों ने परिवहन विभाग और जिला प्रशासन से मांग की है कि मँझनपुर से सुजातपुर,करेटी घाट,प्रतापगढ़ होते हुए लखनऊ तक सरकारी बस चलाई जाए। इससे क्षेत्र के हजारों यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा।

### 48 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली, सीसीटीवी खंगालने के बाद भी नहीं मिला सुराग

**टेढ़ी मोड़ कौशांबी** कोखराज थाना क्षेत्र के कल्याणपुर नेशनल हाईवे ठल्19 के पास बुधवार शाम करीब 7 बजे बक्से के अंदर एक युवती का शव मिला था वारदात के 48 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। बदमाशों द्वारा एक युवती के साथ घटना को अंजाम देने के बाद से ही पुलिस मामले की जांच में जुटी है,लेकिन अब तक न तो आरोपियों का कोई ठोस सुराग मिल सका है और न ही घटना का स्पष्ट खुलासा हो पाया है।आसपास के लोगों से पूछताछ के साथ ही पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली गई,लेकिन उससे भी कोई ठोस जानकारी हाथ नहीं लगी। पुलिस की कई टीमें गठित कर आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है, फिर भी सफलता नहीं मिल सकी है।बताया जा रहा है कि घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों में पुलिस की कार्रवाई को लेकर नाराजगी भी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि इतनी गंभीर घटना के बावजूद अब तक पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है।थाना प्रभारी का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### कोखराज क्षेत्र में लूट दो मुलजिमों को गिरफ्तार कर पुलिस ने बरामद किया 10 हजार

**कोखराज कौशांबी** कोखराज थाना क्षेत्र में शातिर अपराधियों ने लुट की घटना को अंजाम दिया है जिससे इलाके में लोगों के बीच दहशत और भय व्याप्त हो गया है लुट की घटना में शामिल करन कंजर निवासी कन्नौज वा गोलू कंजर निवासी फतेहपुर को पुलिस ने 16 अप्रैल को गिरफ्तार किया है पूछताछ के बाद पुलिस ने उनकी निशानदेही पर 17 अप्रैल को नार्थइ के पुरवा के पास से साढ़े दस हजार रुपए बरामद किया है पकड़े गए दोनों आरोपियों का लंबा आपराधिक इतिहास है और लूट की घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों की तलाश पुलिस कर रही है पकड़े गए आरोपियों को पुलिस ने अदालत में पेश किया है।

# सम्पादकीय

## मजदूरों के गुस्से का पाकिस्तान और नक्सली लिंक

**मई** दिवस या अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस आने में अभी एक पखवाड़े का वक्त बचा है, लेकिन जिन वजहों से 140 साल पहले मजदूरों ने अपनी आवाज बुलंद की थी, वो वजहें अब कई गुना सघनता के साथ समाज में मौजूद हैं। इसकी झलक सोमवार और मंगलवार को उत्तरप्रदेश के औद्योगिक नगर नोएडा में दिखाई दी। वही नोएडा जहां कुछ दिनों पहले जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया और कहा कि अब युवाओं के विकास की उड़ान को पंख मिलेंगे। दिल्ली से सटे नोएडा में कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों के दफ्तर और कारखाने हैं। आलीशान रिहायशी इलाके हैं, जहां करोड़ों के फ्लैटों और कोठियों में समाज का उच्च तबका रहता है। लेकिन इस चमचमाती दुनिया के पीछे वही मलिन बस्तियां हैं, जिन्हें छिपाने के लिए अक्सर सफेद पर्दे डाल दिए जाते हैं।

याद कीजिए अहमदाबाद में नमस्ते ट्रंप से लेकर दिल्ली में जी-20 की बैठक तक जब भी अंतरराष्ट्रीय मेहमान भारत आए, ऐसे ही गरीबी को छिपाया जाता रहा। लेकिन सोमवार 13 अप्रैल को नोएडा के फेज टू में एक निजी कंपनी के श्रमिकों ने काम के घंटे और मेहनताने को लेकर जो प्रदर्शन किया, वह छिपाया नहीं जा सका। चूंकि कई बड़े चैनलों के दफ्तर नोएडा में ही हैं, तो यहां मजदूरों के भड़के असंतोष और उसे दबाने के लिए की गई प्रशासनिक सख्ती को पूरा कवरेज मिला। हालांकि नोएडा से पहले कई और शहरों में मजदूरों की नाराजगी सामने आई है। इस साल फरवरी में बिहार के बरौनी में मजदूर न्यूनतम वेतन बढ़ाने और काम के घंटे तय करने की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे। इसके बाद सूरत, मानेसर, पानीपत और फिर नोएडा तक यह सिलसिला फैल गया। इन सभी जगहों पर मांगें लगभग एक जैसी थीं- न्यूनतम वेतन में बढ़ोतरी, ओवरटाइम का सही भुगतान, बकाया राशि का निपटारा और स्थायी कर्मचारियों जैसी सुविधाएं। मजदूर संगठनों का कहना है कि नवंबर 2025 में लागू हुए नयी श्रमिक संहिता के बाद मजदूरों को उम्मीद थी कि उनकी स्थिति बेहतर होगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। नोएडा का विरोध प्रदर्शन खास तौर पर इसलिए व्यापक हो गया क्योंकि वहां बड़ी संख्या में ठेका मजदूर काम करते हैं। ये मजदूर ठेकेदारों के जरिए रखे गए हैं और उन्हें न तो स्थायी नौकरी की सुरक्षा है और न ही पीएफ या अन्य सामाजिक सुरक्षा लाभ मिलती है। 8 अप्रैल से ही मजदूरों का विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया था जो धीरे-धीरे तेज हुआ और सोमवार को यह हिंसक हो गया। ट्रेड यूनियन नेताओं का आरोप है कि पिछले पांच दिनों से उन्हें नजरबंद रखा गया था, जिससे हालात और बिगड़ गए। उनका कहना था कि जब मजदूरों से बातचीत ही नहीं होगी, तो स्थिति नियंत्रण से बाहर होनी ही थी।

मजदूर वर्ग की ऐसी नाराजगी किसी भी सत्ता के लिए चेतावनी होती है कि उसकी नीतियों से जनता संतुष्ट नहीं है, लिहाजा उसे आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। लेकिन मौजूदा भाजपा के शासनकाल में सत्ता से नाराजगी सीधे देश से विद्रोह मान लिया जाता है। जब किसान आंदोलन हुआ था तो उसे खालिस्तानी आतंकवाद से जोड़ा गया था। शाहीन बाग के आंदोलन में अंतरराष्ट्रीय साजिश देखी गई।

# 2029 को लेकर अभी से डरे हुए हैं मोदी

**अनिल जैन**

**कांग्रेस की** ओर से पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके परिसीमन के प्रस्ताव पर सवाल उठाया। रमेश ने कहा कि महिला आरक्षण और परिसीमन का मामला व्यापक रूप से ध्यान भटकाने की योजना का हिस्सा है। रमेश ने इस बात पर भी सवाल उठाया कि कैसे सरकार कह रही है कि परिसीमन के बाद उत्तर भारत के राज्यों का दबदबा नहीं बढ़ेगा और दक्षिण के राज्यों का असर कम नहीं होगा?

लोकसभा चुनाव- 2024 के नतीजों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी पार्टी का आत्मविश्वास बुरी तरह हिला रखा है। यद्यपि चुनाव आयोग बिल्कुल उनके मनमाफिक काम कर रहा है और ऐसा करते हुए वह निष्पक्ष रहना तो दूर, निष्पक्ष होने का दिखावा तक नहीं कर रहा है। उसकी तमाम असंवैधानिक और अनैतिक कारगुजारियों को न्यायपालिका का भी पूरा-पूरा संरक्षण मिला हुआ है। कॉरपोरेट नियंत्रित मीडिया भी पूरी तरह से सरकार और भाजपा के प्रचार तंत्र का हिस्सा बना हुआ है। इसी सबके चलते भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद महाराष्ट्र, हरियाणा, दिल्ली और बिहार के विधानसभा चुनाव में अप्रत्याशित जीतें हासिल की हैं। इसके बावजूद 2029 के लोकसभा चुनाव को लेकर मोदी बेहद डरे हुए हैं। उनका यह डर लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण 2029 से ही लागू कराने और 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन कराने को लेकर उनकी हड़बड़ी में साफ देखा जा सकता है।

दरअसल तमाम मोर्चों पर अपनी सरकार की नाकामियों के बावजूद 2019 के लोकसभा चुनाव और उसके बाद हुए कई विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत ने मोदी में इतना आत्मविश्वास भर दिया था कि उन्होंने 2024 के चुनाव में 'अबकी बार 400 पार' का नारा दे दिया था। वे मानकर चल रहे थे उन्हें 400 सीटों का बहुमत मिल ही जाएगा। उनके इसी आत्मविश्वास के बूते वे खुद तो नहीं लेकिन उनकी पार्टी के दूसरे कई वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री खुलेआम संविधान बदलने और भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की बातें करने लगे थे, जिसे मोदी भी नकार नहीं रहे थे। मगर उनकी तमाम तिकड़मों और चुनाव आयोग द्वारा की गई गड़बड़ियों के बावजूद चुनावी परिणाम उनकी उम्मीदों के विपरीत आए।

लोकसभा चुनाव 2014 में मिली 282 और 2019 में मिली 303 सीटों के मुकाबले 2024 में भाजपा जैसे-तैसे 240 सीटें ही जीतने में कामयाब रही। यानी बहुमत से बहुत दूर। मोदी खुद वाराणसी में जैसे-तैसे जीत पाए। करीब दो दर्जन पार्टियों के बने उनके गठबंधन (एनडीए) को भी कुल मिलाकर 292 सीटें ही हासिल हो सकीं, जो कि स्पष्ट बहुमत के आंकड़े से महज 20 सीटें अधिक रहीं। कुल मिला कर जैसे-तैसे सरकार चलाने लायक बहुमत मिला। ऐसे में संविधान बदलने या उसमें कोई भी मनमाना संशोधन करने का उनका मंसूबा धरा रह गया। बस, यही स्थिति मोदी के लिए भविष्य में होने वाले चुनावों और खास कर 2029 के लोकसभा चुनाव को लेकर चिंता का सबब बन गई। यही नहीं, उन्हें विभाजनकारी और धार्मिक नारों की सीमाएं भी समझ में आ गईं कि अब इनका और ज्यादा दोहन नहीं किया जा सकता।

कई छोटे-छोटे दलों के समर्थन रूपी बैसाखियों के सहारे तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद मोदी ने भविष्य में होने वाले चुनावों को जीतने की योजना पर काम करना शुरू किया। इस योजना के तहत चुनाव से ठीक पहले कल्याणकारी योजनाओं के नाम पर मतदाताओं के खाते में सरकारी खजाने से नकद राशि ट्रांसफर करने की योजनाएं घोषित हुईं और जिनकी किस्तें चुनाव के दौरान जारी हुईं। ऐसा करना आदर्श चुनाव आचार संहिता के सरासर खिलाफ था, लेकिन चुनाव आयोग मूकदर्शक बना रहा। इस योजना को हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई लेकिन न्यायपालिका ने भी इस अनैतिक हथकंडे पर रोक लगाने से इंकार कर दिया। इसके अलावा महाराष्ट्र और हरियाणा में



मतदान और मतगणना में भी चुनाव आयोग ने बड़े पैमाने पर गड़बड़ियों को अंजाम देकर भाजपा की जीत का रास्ता साफ किया था।

महाराष्ट्र और हरियाणा का चुनाव जीतने के बाद मतदाताओं के खाते में नकद राशि ट्रांसफर करने की योजना बिहार में भी लागू की गई। इसके अलावा चुनाव आयोग के माध्यम से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर के नाम पर जीत सुनिश्चित करने वाली एक नई योजना भी शुरू की गई, जिसकी शुरूआत दिल्ली से हुई और बाद में बिहार में भी लागू की गई। दोनों राज्यों में चुनाव आयोग ने एसआईआर के बहाने मनमाने तरीके से लोगों के नाम मतदाता सूचियों से हटाए, जिससे दोनों राज्यों में भाजपा और उसके गठबंधन को आसानी से जीत हासिल हो गई। बिहार और दिल्ली में कामयाबी के बाद एसआईआर के हथियार को अभी हो रहे चुनाव वाले राज्यों- तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल और पुड्डुचेरी सहित नौ राज्यों में भी आजमाया गया और हर राज्य में चुनाव आयोग ने मनमाने तरीके से लाखों लोगों के नाम मतदाता सूचियों से हटा दिए हैं। अलबत्ता असम को इस योजना से मुक्त रखा गया। जाने-माने अर्थशास्त्री डॉ. पराकला प्रभाकर ने, जो वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के पति हैं, क्षेत्र विशेष और वर्ग विशेष के मतदाताओं के नाम मतदाता सूचियों से हटाने की चुनाव आयोग की रातों-रात 'नाम मिटाओ, नाम चढ़ाओ और चुनाव जिताओ परियोजना' को दुनिया का सबसे बड़ा रक्तहीन राजनीतिक जनसंहार करार दिया है।

बहरहाल, प्रधानमंत्री को इतने से भी संतोष नहीं है। वे 2029 के चुनाव को लेकर कोई कसर छोड़ना नहीं चाहते हैं। इसलिए वे 2029 के बाद लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने वाले नारी शक्ति वंदन कानून और लोकसभा व विधानसभा की सीटों के परिसीमन को भी 2029 के चुनाव से ही लागू करने की हड़बड़ी दिखा रहे हैं। हालांकि यह इतना आसान नहीं है, क्योंकि दोनों मामले संविधान संशोधन से जुड़े हुए हैं और संविधान संशोधन के लिए जरूरी दो तिहाई बहुमत सरकार के पास नहीं है।

पहले ऐसा लग रहा था कि महिला आरक्षण और परिसीमन को लेकर विपक्षी दल दुविधा में है और उनके लिए इसका विरोध करना आसान नहीं होगा। लेकिन अब धीरे-धीरे विपक्ष दलों ने अपना रुख स्पष्ट करना शुरू कर दिया है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी यानी लोकसभा की क्रमशः दूसरी और तीसरी सबसे बड़ी पार्टियों ने अपना स्टैंड स्पष्ट कर दिया है। असल में विपक्ष के सामने दुविधा इस बात को लेकर थी कि अगर केंद्र सरकार की ओर से लाए जा रहे संविधान संशोधन विधेयक का विरोध किया जाता है तो विपक्षी पार्टियों को महिला आरक्षण का विरोधी बताया जाएगा। यह खतरा अब भी है लेकिन विपक्ष की ओर से अब यह बताने का प्रयास किया जा रहा है कि सभी पार्टियां महिला आरक्षण के तो पक्ष में हैं लेकिन परिसीमन का समर्थन नहीं कर रही हैं।


कांग्रेस की ओर से पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके परिसीमन के प्रस्ताव पर सवाल उठाया। रमेश ने कहा कि महिला आरक्षण और परिसीमन का मामला व्यापक रूप से ध्यान भटकाने की योजना का हिस्सा है। रमेश ने इस बात पर भी सवाल उठाया कि कैसे सरकार कह रही है कि परिसीमन के बाद उत्तर भारत के राज्यों का दबदबा नहीं बढ़ेगा और दक्षिण के राज्यों का असर कम नहीं होगा? उन्होंने इसके लिए केरल की मिसाल दी और कहा कि केरल व उत्तर प्रदेश के बीच अभी 60 लोकसभा सीटों का फर्क है, जो परिसीमन के बाद 90 सीटों का हो जाएगा। इसी तरह से हर उत्तर भारतीय राज्य में ज्यादा सीटें बढ़ेंगी और उस अनुपात में दक्षिण में कम सीटों का इजाफा होगा।

लगभग इसी लाइन पर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने भी केंद्र सरकार के प्रस्ताव का विरोध किया है। अखिलेश ने कहा है कि जैसा पहले से प्रस्तावित है, कि 2026 के बाद होने वाली जनगणना के आधार पर ही परिसीमन होगा, वैसा ही होना चाहिए। अगर परिसीमन नहीं होता है तो महिला आरक्षण लागू करना संभव नहीं होगा। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने 16 से 18 अप्रैल तक तीन दिन का संसद सत्र बुलाया है। इसके लिए ही बजट सत्र का सत्रावसान नहीं किया गया। तीन दिन के इस सत्र में महिला आरक्षण और परिसीमन को नारी शक्ति वंदन कानून से अलग करने का प्रस्ताव लाया जाएगा।

# बिहार में संभावनाएं विकास की: अब सत्ता सम्राट की

**-ललित गर्ग-**

**बिहार** की राजनीति लंबे समय से बदलाव, प्रयोग और नेतृत्व के उतार-चढ़ाव का साक्षी रही है। ऐसे परिदृश्य में जब लंबे इंतजार और जटिल कूटनीतिक समीकरणों के बाद पहली बार भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में शासन स्थापित होने की स्थिति बनती है और सम्राट चौधरी जैसे नेता मुख्यमंत्री के रूप में उभरते हैं, तो यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि एक संभावित राजनीतिक और प्रशासनिक परिवर्तन का संकेत भी है। यह क्षण बिहार के लिए एक नए युग की शुरूआत के रूप में देखा जा रहा है, जहां अपेक्षाएं केवल शासन परिवर्तन की नहीं, बल्कि शासन की गुणवत्ता, दृष्टि और परिणामों की भी हैं। नये मुख्यमंत्री के रूप में सम्राट चौधरी के सामने न सिर्फ बिहार की जनता में एक कुशल प्रशासक की छाप छोड़ने की चुनौती है, बल्कि पार्टी की अपेक्षाओं एवं नीतीश कुमार द्वारा खींची रेखाओं से आगे निकलने के संघर्ष में भी उन्हें खरा उतरना होगा। सम्राट को उससे आगे ऐसा कुछ करना होगा, ताकि भाजपा उसके आधार पर भविष्य की दावेदारी पेश कर सके एवं अपने बल पर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने की पात्रता विकसित कर सके। बिहार में भाजपा का एक नया अध्याय शुरू हो रहा है, सम्राट के भरोसे से। सम्राट चौधरी का मुख्यमंत्री के रूप में चयन कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। वे कोई अप्रत्याशित या अपरिचित चेहरा नहीं हैं। बिहार की राजनीति में सक्रिय रहते हुए, उपमुख्यमंत्री के रूप में कार्य करते हुए और विभिन्न राजनीतिक धाराओं से गुजरते हुए उन्होंने राज्य की जटिलताओं को निकट से समझा है। उनकी राजनीतिक यात्रा उन्हें एक व्यावहारिक नेता के रूप में स्थापित करती है, जो केवल सिद्धांतों तक सीमित नहीं, बल्कि जमीन की वास्तविकताओं से भी जुड़ा हुआ है। यही कारण है कि उनके नेतृत्व से बिहार की जनता को एक ऐसे प्रशासन की उम्मीद है जो नीतिगत स्पष्टता के साथ-साथ क्रियान्वयन की क्षमता भी रखता हो। किन्तु यह भी उतना ही सत्य है कि बिहार में नेतृत्व का मूल्यांकन केवल व्यक्ति के आधार पर नहीं, बल्कि उसकी नीतियों, प्राथमिकताओं और परिणामों के आधार पर होता है। पिछले वर्षों में यह प्रवृत्ति स्पष्ट रूप से सामने आई है कि शासन की सफलता का निर्धारण केवल मुख्यमंत्री के व्यक्तित्व से नहीं, बल्कि उस व्यापक नीति-ढांचे से होता है जो केंद्र और राज्य के बीच समन्वय स्थापित करता है। भारतीय



राजनीति में यह एक नया आयाम है, जहां केंद्र सरकार की नीतियां राज्यों के विकास की दिशा को काफी हद तक प्रभावित करती हैं। राजस्थान, मध्य प्रदेश और ओडिशा जैसे राज्यों के उदाहरण इस बात को पुष्ट करते हैं कि अपेक्षाकृत कम चर्चित चेहरों के बावजूद विकास की गति तेज रह सकती है, यदि नीतिगत समर्थन और प्रशासनिक इच्छाशक्ति मजबूत हो। बिहार के संदर्भ में यह पहलू और भी महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि यह राज्य लंबे समय तक अवसंरचनात्मक पिछड़ेपन, बेरोजगारी, पलायन और सामाजिक विषमताओं से जूझता रहा है। ऐसे में सम्राट चौधरी के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि वे इन जटिल समस्याओं के समाधान के लिए एक स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करें। केवल राजनीतिक स्थिरता पर्याप्त नहीं होगी, बल्कि उसे विकासात्मक स्थिरता में परिवर्तित करना होगा। सड़क, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मूलभूत क्षेत्रों में निरंतर सुधार के साथ-साथ रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान देना होगा, ताकि बिहार के युवाओं को अपने ही राज्य में अवसर मिल सकें। यहां यह उल्लेख करना आवश्यक है कि बिहार के हालिया इतिहास में यदि किसी नेता ने प्रशासनिक सुधार और सुशासन की एक स्पष्ट छवि प्रस्तुत की है, तो वह नीतीश कुमार हैं। उन्होंने जिस समय सत्ता संभाली, उस समय बिहार ह्यजंगलराजक्क की छवि से जूझ रहा था। कानून-व्यवस्था की स्थिति दयनीय थी, अवसंरचना लगभग ध्वस्त थी और राज्य की छवि राष्ट्रीय स्तर पर नकारात्मक थी। ऐसे समय में नीतीश कुमार ने सड़क, बिजली और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार किए। विशेष रूप से बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए साइकिल योजना जैसी पहलें सामाजिक परिवर्तन का आधार बनीं। उन्होंने प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही को भी बढ़ाने का प्रयास किया, जिससे शासन के प्रति जनता का विश्वास पुनः स्थापित हुआ। नीतीश कुमार का व्यक्तित्व एक संतुलित, संयमित और व्यावहारिक नेता के रूप में उभरता है। वे आक्रामक राजनीति के बजाय संवाद और सहमति की राजनीति के पक्षधर रहे हैं। उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि उन्होंने राजनीति को व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से ऊपर उठाकर विकास के एजेंडे से जोड़ने का प्रयास किया। हालांकि समय के साथ उनकी राजनीतिक रणनीतियों और गठबंधनों में बदलाव ने उनकी छवि को कुछ हद तक प्रभावित भी किया, लेकिन उनके द्वारा स्थापित प्रशासनिक मानक आज भी बिहार के लिए एक संदर्भ बिंदु बने हुए हैं। सम्राट चौधरी के लिए यह एक बड़ी चुनौती और अवसर दोनों है कि वे इन स्थापित मानकों को न केवल बनाए रखें, बल्कि उन्हें और आगे बढ़ाएं। उन्हें यह समझना होगा कि बिहार की जनता अब केवल वादों से संतुष्ट नहीं होती, बल्कि परिणाम चाहती है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभी भी सुधार की व्यापक संभावनाएं हैं। सरकारी विद्यालयों की गुणवत्ता, उच्च शिक्षा के अवसर, अस्पतालों की स्थिति और चिकित्सकीय सुविधाओं का विस्तार ऐसे क्षेत्र हैं जहां ठोस कार्य की आवश्यकता है। इसके साथ ही भ्रष्टाचार एक ऐसी समस्या है जो किसी भी विकासात्मक प्रयास को कमजोर कर सकती है। यदि सम्राट चौधरी वास्तव में एक प्रभावी और जनोन्मुखी शासन स्थापित करना चाहते हैं, तो उन्हें प्रशासनिक स्तर पर भ्रष्टाचारमुक्त शासन, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी। डिजिटल गवर्नेंस, ई-टेंडरिंग और निगरानी तंत्र को सशक्त बनाकर इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा सकते हैं।

महिला सशक्तिकरण भी बिहार के विकास का एक महत्वपूर्ण आयाम है। पिछले वर्षों में इस दिशा में कुछ सकारात्मक पहलें हुई हैं, लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा और रोजगार के अवसरों को बढ़ाना राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए अनिवार्य है। यदि सम्राट चौधरी इस क्षेत्र में ठोस और नवाचारी कदम उठाते हैं, तो यह बिहार की प्रगति को एक नई दिशा दे सकता है। पलायन की समस्या भी बिहार के लिए एक स्थायी चुनौती रही है। लाखों लोग रोजगार की तलाश में अन्य राज्यों में जाते हैं, जिससे न केवल राज्य की श्रमशक्ति का क्षरण होता है, बल्कि सामाजिक संरचना पर भी प्रभाव पड़ता है। इस समस्या का समाधान केवल उद्योगों के विकास और स्थानीय रोजगार के अवसरों के सृजन से ही संभव है। कृषि आधारित उद्योग, लघु और मध्यम उद्योग तथा स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देकर इस दिशा में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है।

निश्चिततौर पर यह कहा जा सकता है कि बिहार आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां अतीत के अनुभव, वर्तमान की अपेक्षाएं और भविष्य की संभावनाएं एक साथ उपस्थित हैं। सम्राट चौधरी के नेतृत्व में यह राज्य किस दिशा में आगे बढ़ेगा, यह उनके निर्णयों, नीतियों और कार्यशैली पर निर्भर करेगा। यदि वे नीतीश कुमार द्वारा स्थापित सुशासन के मानकों को आधार बनाते हुए नवाचार और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ आगे बढ़ते हैं, तो बिहार न केवल अपने पुराने कलंक से पूरी तरह मुक्त हो सकता है, बल्कि एक विकसित और आत्मनिर्भर राज्य के रूप में भी उभर सकता है। यह समय केवल नेतृत्व परिवर्तन का नहीं, बल्कि सोच और दृष्टिकोण के परिवर्तन का है। बिहार की जनता अब जागरूक है, अपेक्षाएं स्पष्ट हैं और अवसर भी व्यापक हैं। ऐसे में सम्राट चौधरी के लिए यह आवश्यक है कि वे व्यक्ति-आधारित राजनीति से ऊपर उठकर नीतियों और परिणामों पर केंद्रित शासन प्रस्तुत करें। यदि वे ऐसा कर पाते हैं, तो न केवल वे अपने नेतृत्व को सिद्ध करेंगे, बल्कि बिहार को एक नई पहचान भी देंगे- एक ऐसे राज्य के रूप में जो संघर्ष से उबरकर सफलता की नई गाथा लिखने में सक्षम है।

# आंबेडकर के लिए राष्ट्र का भाग्य सर्वोपरि था

**नीतीश कुमार सिंह**

**आंबेडकर** को संविधान निमार्ता के तौर पर पहचान मिली है, लेकिन वह प्लानर और अर्थशास्त्री भी थे। बहुमुखी प्रतिभा वालों के साथ अन्याय होता है। जिन परिस्थितियों में आंबेडकर ने काम किया और अपने अनुयायियों का पथ प्रदर्शन दिया, उस दिशा में उनका राष्ट्रवादी अभिमत अभिव्यक्त होता रहा। उनकी खास बात यह भी थी कि मत परिवर्तन किया तो भारतीय जड़ों से आबद्ध बौद्ध धर्म में किया।



संविधान निमार्ता और सामाजिक न्याय के पुरोधा डॉ. भीमराव आंबेडकर की अभिव्यक्ति राष्ट्रवादी आंदोलन से लेकर आजीवन एक प्रखर दलित लड़ाके के तौर पर बेधड़क रही, परंतु भारत और भारतीयता को सर्वोपरि मानकर राष्ट्र की एकता, अखंडता और सद्भाव को अपने मन, वाणी और कर्म में उन्होंने संजोए रखा।

मध्यप्रदेश के महू में 14 अप्रैल, 1891 को जन्मे आंबेडकर के जीवन को समझना बहुत कठिन है इसलिए आज की सामाजिक-राजनीतिक परिस्थितयों के बीच आंबेडकर को लेकर अर्द्ध सत्य की धारणा ने जोर पकड़ा है, जिसमें सामाजिक, धार्मिक वैमनस्यता और देश के भाग्य-विधाताओं को खांचों में बांटकर सिर्फ वोट की राजनीति का कुत्सित क्रियाकलाप चलना भर रह गया है।

उनके भाषणों से ही नीर-क्षीर किया जा सकता है। 17 दिसंबर, 1946 को संविधान सभा में लक्ष्य संबंधी प्रस्ताव पर 10 मिनट के भाषण में उन्होंने कहा, 'जहां राष्ट्र के भाग्य का फैसला करने का प्रश्न हो, वहां नेताओं, दलों और संप्रदायों की शान का कोई मूल्य नहीं होना चाहिए। वहां तो राष्ट्र के भाग्य को ही सर्वोपरि रखना चाहिए।' आंबेडकर को मानने वालों के लिए यह बहुत बड़ी सीख है।

आंबेडकर को संविधान निमार्ता के तौर पर पहचान मिली है, लेकिन वह प्लानर और अर्थशास्त्री भी थे। बहुमुखी प्रतिभा वालों के साथ अन्याय होता है। जिन परिस्थितियों में आंबेडकर ने काम किया और अपने अनुयायियों का पथ प्रदर्शन दिया, उस दिशा में उनका राष्ट्रवादी अभिमत अभिव्यक्त होता रहा। उनकी खास बात यह भी थी कि मत परिवर्तन किया तो भारतीय जड़ों से आबद्ध बौद्ध धर्म में किया, किसी बाहरी धर्म या संप्रदाय में नहीं। सामर्थ्यपूर्ण पद्धति से चलने वाले धर्म में किया। यह उनके मूल चरित्र को अभिव्यक्त करता है। यह उनकी एक और विशेषता समझ में आती है।

संविधान-सभा में आंबेडकर कहते हैं- 'मैं जानता हूं कि आज हम राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक सभी दृष्टियों से विभक्त है। आज हमारा देश कई लड़ाकू दलों में बंट गया है, और मैं तो यहां तक मंजूर करूंगा कि ऐसे ही एक लड़ाकू दल के नेताओं में शायद मैं भी एक हूं, परंतु सभापति महोदय इन सब बातों के बावजूद मुझे इस बात का पक्का विश्वास है कि समय और परिस्थितियां अनुकूल होने पर दुनिया की कोई भी ताकत इस मुल्क को एक होने से रोक नहीं सकती। जाति और धर्म की भिन्नता के बावजूद भी हम किसी न किसी रूप में एक होंगे।'

वे आगे कहते हैं- 'इसमें मुझे जरा भी शक नहीं है और यह कहने में मुझे रंच मात्र का संकोच भी नहीं है कि यद्यपि मुस्लिम लीग आज भारत के विभाजन के लिए भयानक आंदोलन कर रही है पर एक न एक दिन स्वयं मुसलमान में बुद्धि आएगी और वह समझने लगेंगे कि उनके लिए भी संयुक्त भारत ही सर्वाधिक कल्याणकर है।'

आंबेडकर ने राष्ट्र व समाज के साथ नागरिक के अधिकारों के संरक्षण पर काफी जोर दिया। इससे अंतिम पायदान के व्यक्ति को संवैधानिक तौर पर समाज और सरकार से सुरक्षा मिल सके। देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू के लक्ष्य संबंधी प्रस्ताव पर ही आंबेडकर ने कहा कि इसमें अधिकारों की चर्चा की गई है पर उनकी सुरक्षा का कोई उपाय नहीं किया गया है। हम सभी इस बात को जानते हैं कि अधिकारों का कोई महत्व नहीं है यदि उनकी रक्षा की व्यवस्था न हो ताकि अधिकारों पर जब कभी कुठाराघात हो तो लोग उनका बचाव कर सकें। ऐसे उपचारों पर इस प्रस्ताव में बिल्कुल अभाव है।

इस सामान्य सिद्धांत का भी इसमें उल्लेख नहीं है कि किसी नागरिक के जीवन और संपत्ति का तब तक अपहरण नहीं किया जाएगा जब तक कि कानून खूब जांच-पड़ताल कर इसकी आज्ञा न दे दे। प्रस्ताव में उल्लेखित मौलिक अधिकारों को भी कानून और सदाचार के अधीन रख दिया गया है।

निश्चित ही कानून और सदाचार क्या है- इसका निर्धारण उस दौर का शासन प्रबंध करेगा। किसी प्रबंध का एक फैसला हो सकता है और दूसरे का दूसरा। हम निश्चय रूप से यह नहीं जानते हैं कि इन मौलिक अधिकारों की स्थिति क्या होगी, अगर यह शासन प्रबंध की मजी 'पर छोड़ दिए जाते हैं। राजनीतिक विश्लेषण सेवा

बहरहाल, देश में राम राज्य की बात होती है। अगर आज आंबेडकर होते तो अपने भाषणों में कहते कि वह तभी पूरी होगी जिसमें 'सब नर करहूं परस्पर प्रीति' होने के साथ सत्ता, संपत्ति और सम्मान में सबकी समुचित भागीदारी हो।'

देश ने सोमवार को बाबा साहेब की 135वीं जयंती मनाई। यह अवसर उनके सपनों का भारत बनाने का निश्चय दोहराने का है।

# विधिक साक्षरता कार्यक्रम में बाल अपचारियों को किया गया शिक्षा के अधिकार पर जागरूक

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूट।** जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कुशल मार्गदर्शन में शुक्रवार को राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) चित्रकूट में इला चैधरी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पाक्सो एक्ट एवं शिक्षा का अधिकार के विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य बाल संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनों, विशेषकर पॉक्सो अधिनियम तथा शिक्षा के अधिकार अधिनियम के बारे में जागरूकता फैलाना है। पॉक्सो अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों पर विस्तार से बताया गया, यह भी बताया गया कि यह अधिनियम बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण प्रदान करने के लिए बनाया गया है तथा इसके अंतर्गत किसी भी प्रकार के शोषण, उत्पीड़न या दुर्व्यवहार के विरुद्ध सख्त दंड का प्रावधान है। बच्चों को यह भी बताया गया कि यदि वे किसी प्रकार के शोषण का सामना करते हैं तो वे निःसंकोच इसकी शिकायत कर सकते हैं। पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत बच्चों की पहचान को गोपनीय रखा जाता है तथा उनकी सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। बच्चों को हेल्पलाइन नंबरों एवं संबंधित संस्थाओं की जानकारी भी दी गई, ताकि आवश्यकत पड़ने पर वे तत्काल सहायता प्राप्त कर सकें।

विदिशा भूषण सिविल जज (जू.डि.) द्वारा शिक्षा के अधिकार अधिनियम पर भी विशेष जोर दिया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि 6 से 14 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा प्राप्त करने का मौलिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम ही नहीं, बल्कि बच्चों के समग्र विकास का आधार भी है। बच्चों को विद्यालय में नामांकन, उपस्थिति, तथा शिक्षा के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के साथ संवादात्मक सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने अपने प्रश्न पूछे और विशेषज्ञों से उनके समाधान प्राप्त किए। इस संवाद ने बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उन्हे अपने अधिकारों के प्रति जानकारी प्रदान की गयी। योगेन्द्र सिंह सहायक लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल द्वारा राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) में आवासित किशोर अपचारियों को लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम तथा उनके अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि बाल अपचारियों को नैतिक शिक्षा एवं खराब आदतों पर सुधार लाने के लिए प्रेरित किया गया, साथ ही बालकों के मूल अधिकारों के बारे जानकारी प्रदान की गयी।

कुलदीप सिंह सहायक लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल द्वारा शिक्षा के अधिकार के विषय पर विस्तार से बताया गया। साथ ही बताया गया कि भारत शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कानून है। यह केवल बच्चों का शिक्षा अधिकार ही नहीं देते बल्कि सामाजिक समानता, आर्थिक विकास एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देता है। इसके क्रियान्वयन से भारत एक शिक्षत व शसक्त राष्ट्र बन सकता है। इस अवसर पर बीर सिंह संस्था प्रभारी, दीपक शर्मा परामर्शदाता, ममता वर्मा पैरालीगल वालेण्टियर व राजकीय सम्प्रेक्षण गृहा के कर्मचारी व बाल अपचारीगण मौजूद रहे।

## सरकारी पहाड़ी भूमि पर दबंगों का कब्जा खनन कर संपदा को पहुंचा रहे नुकसान

**चित्रकूट।** मुख्यालय तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत इटौरा में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे और खनन का एक गंभीर मामला सामने आया है। गांव के ही एक निवासी ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर दबंगों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई और सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की गुहार लगाई है।

जिलाधिकारी को सौंपे गए शिकायती पत्र में ग्राम इटौरा निवासी रहमान पुत्र सैय्यद ने आरोप लगाया है कि ग्राम सभा की सरकारी भूमि (खसरा नंबर 585 और 590), जो पहाड़ी के लिए सुरक्षित है, उस पर गांव के ही कुछ दबंग अवैध रूप से कब्जा कर रहे हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार, दबंगों द्वारा न केवल वहां मकान बनाया जा रहा है, बल्कि पहाड़ी को खोदकर बेशकीमती खनिज संपदा को भी नष्ट किया जा रहा है। लगभग एक बीघा जमीन पर अवैध रूप से कब्जा जमा लिया गया है।

रहमान का आरोप है कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से और हल्का लेखपाल को भी इस अवैध निर्माण की सूचना दी थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जब उन्होंने दबंगों को रोकने की कोशिश की, तो उनके साथ गाली-गलौज की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। शिकायतकर्ता ने प्रशासन को बताया कि वह इस समय डरा सहमा हुआ है और उसे किसी बड़ी अनहोनी की आशंका है।

पत्र में उल्लेख किया गया है कि भूमि पहाड़ी और खेल के मैदान के लिए आरक्षित श्रेणी में आती है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते इस अतिक्रमण को नहीं रोका गया, तो सरकारी संपत्ति पूरी तरह नष्ट हो जाएगी। ग्राम सभा की सुरक्षित भूमि पर जबरन कब्जा किया जा रहा है। प्रशासन से निवेदन है कि जनहित में इस अवैध अतिक्रमण को तुरंत हटवाया जाए और दोषियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

## गुणवत्तापूर्ण व समयावधि में निर्माण कार्य करें पूरा : डीएम

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला खनिज फाउण्डेश न्यास निधि से कराए जा रहे कार्यों के प्रगति की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा कार्यदायी संस्थाओं को दिए गए कार्यों का गुणवत्तापूर्वक निर्धारित समयावधि में निर्माण कार्य पूर्ण कराए जाने के लिए निर्देशित किया गया। संस्थागत प्रसव बढ़ाए जाने के लिए चिकित्सा इकाईयों की संख्या बढ़ाए जाने के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया है। जिला संयुक्त चिकित्सालय में रोगी वेटिंग एरिया, ओपीडी हाल व पर्चा काउन्टर कक्ष सुदृढीकरण व मरम्मत कार्य, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मऊ की बाउण्ड्रीवाल निर्माण का कार्य अतिशीघ्र पूर्ण कराए जाने के लिए सचिव चित्रकूट विशेष क्षेत्र प्राधिकरण निर्देशित किया गया है। मोहन नदी के पुनरोद्धार का कार्य किये जाने के लिए अधिशाषी अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग को निर्देशित किया गया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डी.पी. पाल, अपर जिलाधिकारी वित्त और राजस्व चन्द्रशेखर, बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा, जिला खनिज अधिकारी रणवीर सिंह सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों ने की पीड़ित परिवार से मुलाकात

**चित्रकूट।** कांग्रेस पार्टी चित्रकूट के जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एडवोकेट के नेतृत्व में शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी के नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल थाना पहाड़ी के अंतर्गत एक गांव के पीड़ित परिवार से मिलकर दुख दर्द को जाना और परिवार को संतुना दिया तथा पीड़ित परिवार के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करके परिवार को यथासंभव मदद पहुंचाने के लिए जांच की मांग करते हुए कहा कि भाजपा शासन में अपराध निरंतर बढ़ रहे हैं शासन निरंकुश हो चुका है, जिससे आए दिन घटनाएं घट रही हैं और उच्च स्तरीय जांच करा कर दोषियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। प्रतिनिधिमंडल में जिला महासचिव सत्येंद्र सिंह, जिला सचिव राजेश सिंह, पहाड़ी ब्लाक अध्यक्ष रामकृपाल वर्मा, देवनारायण आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## सर्वोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में प्राथमिक विद्यालय दरसेंडा से 6 बच्चे चयनित

### –खण्ड शिक्षा अधिकारी ने चयनित छात्रों को किया पुरस्कृत

अखंड भारत संदेश

**पहाड़ी/चित्रकूट।** समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में कक्षा 6 की प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ। जिसमें प्राथमिक विद्यालय दरसेंडा के कुल 6 छात्रों का चयन हुआ। इस प्रवेश परीक्षा के लिए विद्यालय के कुल 7 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया था। खण्ड शिक्षा अधिकारी पहाड़ी राजेश कुमार ने विद्यालय में उपस्थित होकर सभी छात्रों एवं उनके अभिभावकों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी पहाड़ी द्वारा चयनित सभी छात्रों एवं उनके अभिभावकों को सर्वोदय विद्यालय में प्राप्त होने वाली निःशुल्क शैक्षणिक तथा आवासीय सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। चयनित छात्र आर्यन, अभिषेक तिवारी, साहिल, सूरज, अर्पित तथा पलक रहे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक बुद्धविलास द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी चयनित छात्रों को अग्रिम शैक्षिक जीवन के लिए शुभकामनाएं दी गई तथा अपने विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं अभिभावकों के प्रयासों की प्रशंसा की गई। कक्षा 5 के कक्षाध्यापक दीपक कुमार पाण्डेय ने छात्रों के चयन के लिए अपने प्रधानाध्यापक की कर्मठता तथा अभिभावकों की तत्परता को जिम्मेदार बताया। चयनित छात्र आर्यन ने कहा कि हमारे कक्षाध्यापक दीपक पाण्डेय सर द्वारा नियमित रूप से हमारी परीक्षा की तैयारी कराई गई थी। छात्रा पलक ने भी अपने सभी शिक्षकों के प्रयासों को व्यक्त किया। उपस्थित अभिभावकों ने भी इस उपलब्धि के लिए विद्यालय के शिक्षकों की प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक प्रियम्वदा पवार, दिनेश कुमार, बुद्ध राज, शिक्षामित्र राममूरत विश्वकर्मा, इसीसीई एजुकेटर सविता सिंह एवं विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष सहित छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक मौजूद रहे।

इस समय पूरे उत्तर प्रदेश में कुल 103 सर्वोदय विद्यालय संचालित हैं। जिसमें 70 विद्यालय बालकों के तथा 33 विद्यालय बालिकाओं के हैं। शैक्षिक सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए सर्वोदय विद्यालयों की 10790 सीटों के मुकाबले 68780 आवेदन फार्म भरे गए हैं। सर्वोदय विद्यालयों में निःशुल्क, आवासीय एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलने के कारण यहां पर प्रवेश लेने के लिए ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र के बच्चों में प्रतिस्पर्धा देखने को मिल रही है।

## छापामार कार्यवाही कर खाद्य विभाग ने संग्रहित किए 16 नमूनें

**चित्रकूट।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ एवं जिलाधिकारी चित्रकूट के आदेश के अनुपालन में सहायक आयुक्त (खाद्य) शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर माह मार्च तक जनपद में खाद्य सुरक्षा विगाग की टीम द्वारा कुल 16 नमूने जाँच के लिए संग्रहित किए गए।

जिसमें अमानपुर कर्वी स्थित खाद्य प्रतिष्ठान से 4 नमूना खाद्य पदार्थ हींग, सिंथेटिक फूड कलर, टर्मरिक पाउडर, चायपत्ति का संग्रहित किया गया। सीतापुर स्थित खाद्य प्रतिष्ठान से 2 नमूना खाद्य पदार्थ बेसन घी का संग्रहित किया गया। मानिकपुर स्थित खाद्य प्रतिष्ठान से 1 नमूना खाद्य पदार्थ चायपत्ती का संग्रहित किया गया। मानिकपुर स्थित खाद्य प्रतिष्ठान से 1 नमूना खाद्य पदार्थ घी का संग्रहित किया गया। सरैया मानिकपुर स्थित 1 नमूना खाद्य पदार्थ अरहर दाल, चायपत्ती, व पनीर का संग्रहित किया गया। लालता रोड मऊ स्थित से 1 नमूना खाद्य पदार्थ खोया, हल्दी पाउडर व नमकीन का संग्रहित किया गया। मैकी मोड़ मऊ स्थित खाद्य प्रतिष्ठान से 1 नमूना खाद्य पदार्थ खोया का संग्रहीत किया गया।

जांच टीम में सहायक आयुक्त शशांक त्रिपाठी व खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण रत्नाकर सिंह, विनय कुमार मौजूद रहे।

## मुख्यालय रेलवे लाइन में सीढियों व फुट ओवर ब्रिज को मंजूरी

**चित्रकूट।** जनपद के व्यापारियों एवं जन सामान्य द्वारा दौरान जन सुनवाई जिलाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर मुख्यालय कर्वी में निर्मित उपरगामी सेतु में रेलवे बाउण्ड्री पर दोनो ओर सीढ़ियां न होने के कारण आवागमन में कठिनाई होने तथा धतुरहा चैराहे के पास उपरगामी सेतु के दोनो ओर रेलवे बाउण्ड्री पर सीढ़ियां फुट ओवर ब्रिज बनवाए जाने का अनुरोध किया गया था। व्यापारियों एवं जनसामान्य द्वारा किए गए अनुरोध पर सम्बन्धित अधिकारियों से स्थलीय निरीक्षण कराया गया। अधिकारियों द्वारा रेलवे बाउण्ड्री पर सीढ़ियां व फुट ओवर ब्रिज निर्माण कराने की आवश्यकता सम्बन्धी रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत की गयी स्थलीय जांच रिपोर्ट तथा जनपद के व्यापारियों व जन सामान्य की सुविधा एवं आवश्यकता की दृष्टि से त्वरित प्रभावी समाधान के लिए मण्डल रेल प्रबन्धक उत्तर मध्य रेलवे, झांसी को पत्र बीते 28 फरवरी को प्रेषित कर शीध्र आवश्यक कार्यवाही किए जाने की अपेक्षा की गयी थी। जिस पर मण्डल रेल प्रबंधक झांसी ने जिलाधिकारी चित्रकूट पुलकित गर्ग को अवगत कराया है, कि चित्रकूट जनपद मुख्यालय स्थित उपरिगामी सेतु पर सीढ़ियां व फुट ओवर ब्रिज बनाने की अनुमति सक्षम स्तर से प्राप्त हो गयी है। शीघ्र ही कार्य प्रारम्भ किया जाएगा तथा इस कार्य को आगामी 15 मई तक सम्पन्न कर लिया जाएगा। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग द्वारा अवगत कराया गया है कि मुख्यालय के उपरगामी सेतु में रेलवे बाउण्ड्री पर सीढ़ियां व फुट ओवर ब्रिज का निर्माण हो जाने से जनपद के व्यापारियों, स्थानीय नागरिकों को अत्यधिक सुविधा होने के साथ आवागमन में भी सुगमता होगी।

# जनपद में नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत विविध कार्यक्रमों का हुआ भव्य आयोजन

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** शासन के निदेर्शानुसार जनपद में नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत विभिन्न शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रमों एवं मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कर्वी के प्रांगण में जिला विद्यालय निरीक्षक एवं कार्यालय स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति में भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रधानाचार्य शशि कला ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत विद्यालय की छात्राओं द्वारा विशाल मानव श्रृंखला बनाकर नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया गया।



इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका राधा, श्रुति पांडेय, प्रियांशी गुप्ता, नेहा विश्वकर्मा, रंजना गर्ग, विनीता रानी गुप्ता, प्रज्ञा पाठक, गरिमा सिंह, चंद्रभागा, रितु द्विवेदी, नीलम जैन, शोभा देवी, शालिनी श्रीवास्तव एवं अन्य कर्मचारी व छात्राएं मुख्य रूप से मौजूद रहीं।

इसी क्रम में गोस्वामी तुलसीदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव एवं महाविद्यालय के प्राचार्य राजेश पाल के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर महिला सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के तत्वावधान में एक विशेष हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसके माध्यम से समाज में नारी शक्ति के सम्मान और सुरक्षा के प्रति जागरूकता का प्रसार किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक



**चित्रकूट।** जनपद में जिला प्रोबेशन अधिकारी के निदेर्शानुसार हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन की टीम द्वारा विकासभवन सभागार में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के बारे में बताया गया। जिसके बाद विकासखंड कर्वी के ग्राम पंचायत कसहाई में जनचैपाल में प्रतिभाग कर नारी शक्ति वंदन अधिनियम तथा आगामी अक्षय तृतीया के अवसर पर ज्यादा बाल विवाह होने की संभावना को खत्म करने के लिए बाल विवाह के खिलाफ विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। जिस पर ग्रामवासियों को बाल विवाह के दंड व अपराध बताते हुए जागरूक किया गया और कहीं भी विवाह की जानकारी मिलने पर 1098 नंबर डायल करने की कहा गया। तथा बाल विवाह न होने देने और इसकी जानकारी मिलने पर टोल फ्री नंबर में सूचना देने की शपथ दिलाई गई। साथ ही साथ महिला कल्याण विभाग की समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना निराश्रित महिला पेंशन योजना, टोल फ्री नंबर आदि की जानकारी दी गई। इसके बाद स्कूल चलो अभियान के तहत रामघाट राघोपुरी व तीर्थराजपुरी में ड्रॉप आउट बच्चों के घर जाकर माता-पिता व बच्चों से मुलाकात की गई, और ड्रॉप आउट हुए बच्चों से मुलाकात कर उनके माता-पिता को बच्चों को स्कूल भेजने के लिए बाध्य किया गया। अभियान में हब फॉरे एंपावरमेंट ऑफ वीमेन की टीम से डीएमसी प्रिया माथुर, जेंडर स्पेशलिस्ट मीनू सिंह, और अरविंद कुमार, एमटीएस अभिषेक शुक्ला तथा नीति आयोग से पूजा यादव मौजूद रहीं।

## जनगणना 2027 को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को किया निर्देशित

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट ।** भारत की जनगणना 2027 के अन्तर्गत जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता मे समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सभी चार्ज अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि एचएलबी अन्तर्गत डिमार्केशन एवं डिसक्रिप्शन का कार्य शत प्रतिशत अविलम्ब पूर्ण कर लिया जाए। जिलाधिकारी द्वारा समस्त अधिशाषी अधिकारियों/चार्ज अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि बैनर तथा वाल पेन्टिंग एवं कूड़ा गाड़ी में ऑडियो साउण्ड लगवाकर जनगणना 2027 का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि आम जनमानस जनगणना 2027 के संबंध में अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त कर सके। जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के लिए आगामी 20 अप्रैल से 2 मई तक लगभग 2350 प्रगणक एवं पर्यवेक्षक को 34 फील्ड ट्रेनर्स द्वारा चयनित प्रशिक्षण स्थलों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारियों एवं समस्त चार्ज अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि 7 मई से आगामी 21 मई तक चलने वाले स्वगणना का व्यापक प्रचार प्रसार कर जनसामान्य को अधिक से अधिक जागरूक किया जाए तथा उन्हे स्वगणना अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि जनगणना राष्ट्रीय स्तर का कार्य है, जिसमें सभी अधिकारियों व कर्मचारियों एवं जनसामान्य की सहभागिता आवश्यक है। समस्त अधिकारी व कर्मचारी पूर्ण मनोयोग से जनगणना कार्य को सम्पादित कराएं। बैठक में अपर जिलाधिकारी, जिला जनगणना अधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारी/उप जिला जनगणना अधिकारी, समस्त तहसीलदार, चार्ज अधिकारी एवं समस्त अधिशाषी अधिकारी चार्ज अधिकारी, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत मौजूद रहे।

## ऐसा क्या हो गया था जो ट्रंप ने तुरंत मोदी को फोन लगाया और 40 मिनट तक बातचीत की?

**पाकिस्तान**

**एक** ओर पाकिस्तान की कूटनीति धराशायी हो चुकी है तो दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीति वैश्विक मंच पर ऐसे गूंज रही है कि दुनिया उसे नजरअंदाज नहीं कर पा रही। हालिया घटनाक्रम ने यह साफ कर दिया है कि अब वैश्विक शक्ति संतुलन का नया केंद्र भारत बन चुका है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी के बीच हुई ताजा बातचीत बदलती विश्व व्यवस्था का स्पष्ट संकेत है। करीब चालीस मिनट चली इस बातचीत में जिस तरह द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति पर चर्चा हुई, वह इस बात का प्रमाण है कि भारत अब केवल साझेदार नहीं, बल्कि रणनीतिक धुरी बन चुका है। यह वही भारत है जिसे कभी क्षेत्रीय शक्ति तक सीमित समझा जाता था, लेकिन आज वही भारत वैश्विक फैसलों के केंद्र में बैठा है।

इस बातचीत का सबसे अहम पहलू पश्चिम एशिया की स्थिति पर गहन विचार विमर्श रहा। होरमुज जलडमरूमध्य को खुला और सुरक्षित रखने पर जोर देना वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति की जीवनरेखा को बचाने का स्पष्ट संदेश है। यह वही मार्ग है जहां से दुनिया की बड़ी ऊर्जा जरूरतें गुजरती हैं। ऐसे में भारत की सक्रिय भागीदारी यह दिखाती है कि अब वह केवल अपने हितों तक सीमित नहीं, बल्कि वैश्विक स्थिरता का जिम्मेदार प्रहरी बन चुका है।

रणनीतिक दृष्टि से देखें तो यह घटनाक्रम कई स्तरों पर भारत के लिए निर्णायक है। अमेरिका के साथ संभावित बड़े समझौते इस दिशा में एक ठोस कदम हैं। यह केवल तेल या गैस की खरीद नहीं, बल्कि दीर्घकालिक रणनीतिक सुरक्षा का ढांचा है। जब कोई देश अपनी ऊर्जा जरूरतों को सुरक्षित कर लेता है, तो वह आर्थिक और सामरिक दोनों मोर्चों पर मजबूत हो जाता है। एक और महत्वपूर्ण पहलू आपूर्ति श्रृंखला और तकनीकी सहयोग है। अमेरिका के साथ बढ़ती साझेदारी का मतलब है कि भारत अब वैश्विक उत्पादन और तकनीकी ढांचे में केंद्रीय भूमिका निभाएगा। यह वह क्षेत्र है



जहां भविष्य की ताकत तय होती है। अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर का यह कहना कि आने वाले दिनों में बड़े समझौते अंतिम रूप ले सकते हैं, इस बात का संकेत है कि दोनों देश अब परिणाम देने की दिशा में आगे बढ़ चुके हैं। यह वही बदलाव है जो भारत की कूटनीति को अलग बनाता है। गोर के मुताबिक, बातचीत के अंत में ट्रंप ने मोदी से कहा, ह्लमैं बस आपको यह बताना चाहता हूं कि हम सब आपसे प्यार करते हैं।"

उधर, ट्रंप से बातचीत के बाद मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ह्लमुझे मेरे मित्र राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का फोन आया था। हमने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग में हासिल की गई महत्वपूर्ण प्रगति की समीक्षा की।ह्व उन्होंने लिखा, ह्लहम सभी क्षेत्रों में अपनी व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमने पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी चर्चा की और होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला एवं सुरक्षित रखने के महत्व पर जोर दिया।

देखा जाये तो इस पूरे घटनाक्रम का समय भी बेहद महत्वपूर्ण है। पश्चिम एशिया में तनाव, ईरान और अमेरिका के बीच अनिश्चितता, समुद्री मार्गों पर खतरा और युद्धविराम की नाजुक स्थिति ने पूरी दुनिया को असमंजस में डाल रखा है। ऐसे समय में भारत का संतुलित रुख उसे एक विश्वसनीय शक्ति के रूप में स्थापित करता है। भारत न तो किसी सैन्य गठबंधन में कूद रहा है और न ही निष्क्रिय बैठा है, बल्कि कूटनीतिक संतुलन के साथ अपने हितों और वैश्विक स्थिरता दोनों को साध रहा है।

## 'परमाणु हथियार नहीं रखने देंगे'- उपराष्ट्रपति

**अमेरिका**

**अमेरिकी** उपराष्ट्रपति जेडी वैंस ने मंगलवार (स्थानीय समय) को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यह स्पष्ट कर दिया है कि ईरान परमाणु हथियार नहीं रख सकता और प्रशासन इस नीति को लागू करवाने के लिए काम कर रहा है। जॉर्जिया विश्वविद्यालय में आयोजित 'टर्निंग पॉइंट यूएसए' कार्यक्रम में बोलते हुए वैंस ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच चल रही बातचीत में प्रगति हुई है, लेकिन उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ट्रंप एक व्यापक समझौते की ओर अग्रसर हैं।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने एक नीति निर्धारित की है: ईरान परमाणु हथियार नहीं रख सकता और अभी हम यह सुनिश्चित करने के लिए बातचीत कर रहे हैं कि ऐसा ही हो। और इसमें दिलचस्प बात यह है कि हमारे पास यह युद्धविराम है, जो मुझे लगता है कि छह या सात दिन पुराना है। अभी यह युद्धविराम कायम है और आप देख रहे हैं कि राष्ट्रपति एक बड़ा समझौता करना चाहते हैं, वह कोई छोटा समझौता नहीं करना चाहते। वैंस ने कहा कि अमेरिका ईरान को सामान्य



आर्थिक संबंधों का रास्ता दिखा रहा है, बशर्ते वह अपना आचरण बदले। उन्होंने कहा कि ईरान को उनका प्रस्ताव बहुत सीधा-सादा है और सच कहूँ तो ऐसा प्रस्ताव देने की क्षमता किसी भी राष्ट्रपति के पास नहीं रही है। उन्होंने कहा कि अगर आप एक सामान्य देश की तरह व्यवहार करने को तैयार हैं, तो हम भी आर्थिक रूप से आपके साथ एक सामान्य देश जैसा व्यवहार करेंगे। उन्हें कोई छोटा-मोटा समझौता नहीं चाहिए। और यही एक कारण है कि पाकिस्तान में हमने बहुत प्रगति की है, लेकिन समझौता अभी तक इसलिए नहीं हो पाया है क्योंकि राष्ट्रपति वास्तव में ऐसा समझौता चाहते हैं जिसमें ईरान के पास परमाणु हथियार न हों, ईरान आतंकवाद को प्रायोजित न करे, और साथ ही ईरान के लोग समृद्ध और खुशहाल हों और विश्व अर्थव्यवस्था में उस तरह से योगदान दे सकें जैसा उन्होंने मेरे जीवनकाल में कभी नहीं दिया।


वैंस ने आगे कहा कि और यही वो ट्रम्पवादी भव्य समझौता है जिसे राष्ट्रपति ने सामने रखा है। हम बातचीत जारी रखेंगे और इसे साकार करने की कोशिश करेंगे क्योंकि यह दुनिया के लिए, हमारे देश के लिए, सबके लिए बहुत अच्छा होगा, इसलिए मैं इसे साकार करने के लिए संघर्ष करता रहूंगा।

ये टिप्पणियां तब आईं जब ट्रंप ने मंगलवार (स्थानीय समय) को कहा कि वह ईरान के साथ चल रहे दो सप्ताह के युद्धविराम को बढ़ाने पर विचार नहीं कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने संकेत दिया कि पश्चिम एशिया में तनाव को समाप्त करने का सबसे अच्छा तरीका बातचीत के जरिए समझौता करना ही है।

## चीन ने सैन्य मदद से किया इनकार

**चीन**

**चीन** उन मीडिया रिपोर्टों को खारिज कर दिया जिनमें दावा किया गया था कि वह ईरान को सैन्य सहायता प्रदान कर रहा है। यह प्रतिक्रिया पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष से जुड़े बढ़ते तनाव के बीच आई है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि ईरान को सैन्य सहायता प्रदान करने के चीन के आरोपों वाली मीडिया रिपोर्टें पूरी तरह से मनगढ़ंत हैं।



यह बयान फाइनेंशियल टाइम्स की उस रिपोर्ट के बाद आया जिसमें दावा किया गया था कि ईरान ने मध्य पूर्व में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने के लिए ळएए-01इ नामक एक चीनी उपग्रह हासिल किया है। रिपोर्ट प्रकाशित होने के कुछ ही घंटों के भीतर चीन ने एक बयान जारी कर सैन्य समर्थन में किसी भी प्रकार की संलिप्तता से इनकार किया। हालांकि, चीनी बयान में इस रिपोर्ट या किसी अन्य रिपोर्ट का सीधे तौर पर जिक्र नहीं किया गया।

इन आरोपों का खंडन करने के साथ-साथ बीजिंग ने अमेरिका को इन आरोपों के आधार पर आर्थिक कार्रवाई करने के खिलाफ भी चेतावनी दी। लिन जियान ने कहा कि अगर अमेरिका इन आरोपों के आधार पर चीन पर शुल्क बढ़ाता है, तो चीन भी जवाबी कार्रवाई करेगा। यह घटनाक्रम तब सामने आया है जब अमेरिका ने संकेत दिया है कि वह उन देशों पर शुल्क बढ़ा सकता है जो उसके अनुसार क्षेत्र में चल रहे संघर्ष में ईरान का समर्थन कर रहे हैं।

इस्लामाबाद में शांति वार्ता विफल होने के बाद, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को ईरान के खिलाफ अपनी धमकियों का एक नया सिलसिला शुरू किया और सीधे चीन पर भी निशाना साधा। वे उन रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया दे रहे थे जिनमें कहा गया था कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को पता चला है कि चीन पिछले बुधवार से शुरू हुए दो सप्ताह के नाजुक युद्धविराम के बीच ईरान को हथियारों की खेप भेजने की तैयारी कर रहा है।

## दबाव के आगे नहीं झुकेंगे



**ईरान**

**ईरानी** राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने बुधवार को ईरान के खिलाफ बाहरी दबाव और सैन्य आक्रामकता बताते हुए कड़ा प्रहार किया और जोर देकर कहा कि नाजुक युद्धविराम और पश्चिम एशिया में शत्रुता को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए चल रहे राजनयिक प्रयासों के बीच इस्लामी गणराज्य पर बल प्रयोग करने का कोई भी प्रयास अंततः विफल हो जाएगा। पेजेश्कियन ने इस बात पर जोर दिया कि ईरान रचनात्मक बातचीत के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन दबाव के आगे नहीं झुकेगा। ऐसी खबरें आ रही हैं कि वाशिंगटन और तेहरान के बीच बातचीत का दूसरा दौर संभव है, क्योंकि इस्लामाबाद में पहले दौर की बातचीत गतिरोध में समाप्त हो गई थी। उन्होंने आईएसएनए को बताया कि हम रचनात्मक बातचीत पर जोर देते हैं, लेकिन हम झुकने के लिए मजबूर नहीं होंगे। ईरान पर अपनी इच्छा थोपने या उसे आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर करने का कोई भी प्रयास विफल होना तय है, और जनता ऐसे रवैये को कभी स्वीकार नहीं करेगी। ईरान युद्ध नहीं चाहता। उनकी ये टिप्पणियां अमेरिकी नाकाबंदी के बाद बढ़े तनाव के बीच आई हैं, जिसमें ईरानी बंदरगाहों को निशाना बनाया गया है, जिससे तेहरान और वाशिंगटन के बीच पहले से ही तनावपूर्ण संबंध और भी बिगड़ गए हैं। पेजेश्कियन ने अमेरिकी और इजरायली सेनाओं द्वारा ईरान के खिलाफ हाल ही में की गई कार्रवाइयों की वैधता और नैतिकता पर भी सवाल उठाया और नागरिक बुनियादी ढांचे पर हमलों के प्रभाव को लेकर चिंता व्यक्त की। आईएसएनए ने अनुसार उन्होंने पूछा कि किस अधिकार से और किस अपराध के लिए हमारे देश पर हमला किया गया? और आगे कहा कि अंतर्राष्ट्रीय कानून और मानवीय सिद्धांतों के दायरे में नागरिकों, अभिजात वर्ग, बच्चों को निशाना बनाना।

## 'बिना वीटो और स्थायी विस्तार के अधूरा है बदलाव', भारत ने संयुक्त राष्ट्र में उठाई बुलंद आवाज

**संयुक्त राष्ट्र**

**संयुक्त** राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों को लेकर भारत ने एक बार फिर अपना कड़ा और स्पष्ट रुख दोहराया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने मंगलवार को अंतर-सरकारी वार्ता की बैठक में कहा कि यदि परिषद में स्थायी सदस्यों की श्रेणी का विस्तार वीटो शक्ति के साथ नहीं किया गया, तो इस संस्था में मौजूदा असंतुलन और असमानता कभी खत्म नहीं होगी। भारतीय राजदूत ने चेतावनी दी कि सुरक्षा परिषद की वैधता और प्रतिनिधित्व पर उठने वाले सवालों का मूल कारण इसकी सदस्यता संरचना और वीटो अधिकार हैं।भारत खबर अपडेट संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने मंगलवार को सुरक्षा परिषद सुधारों पर अंतर-सरकारी वार्ता (आईजीएन) बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि वीटो के साथ या उसके बिना एक नयी श्रेणी पर विचार करने से व्यापक विचारों वाली पहले से जारी चर्चा जटिल हो जाएगी। उन्होंने कहा, दो मूलभूत कारण हैं, जिनकी वजह से संरचना असंतुलित बनती है और परिषद की वैधता व प्रतिनिधित्व पर सवाल उठते हैं-ये हैं सदस्यता और वीटो अधिकार।

हरीश ने कहा, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की तत्काल आवश्यकता पर व्यापक सहमति है। 80 साल से अधिक पहले बनी इसकी संरचना आज की बदलती वैश्विक-राजनीतिक परिस्थितियों के अनुरूप नहीं है। भारतीय राजदूत ने याद किया कि 1960 के दशक में परिषद में किये गए उस एकमात्र



सुधार से वीटो का अधिकार रखने वाले देशों की ताकत और बढ़ गई जिसके तहत केवल अस्थायी श्रेणी में विस्तार किया गया था। तुलनात्मक रूप से देखें तो पहले वीटो अधिकार वाले स्थायी सदस्यों और अस्थायी सदस्यों का अनुपात 5:6 था, जिसे बाद में बदलकर 5:10 कर दिया गया। इससे वीटो का अधिकार रखने वाले देशों को अपेक्षाकृत अधिक फायदा मिला। उन्होंने कहा, कोई भी सुधार जिसके साथ वीटो अधिकार वाले स्थायी सदस्यों की श्रेणी का विस्तार नहीं किया जाता, वह इस अनुपात को और बिगाड़ देगा और इस प्रकार मौजूदा असंतुलन और असमानताओं को कायम रखेगा। इसलिए, वीटो अधिकार वाले स्थायी सदस्यों की श्रेणी का विस्तार सुरक्षा परिषद के वास्तविक सुधार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।ह्व हरीश ने यह भी कहा कि वीटो अधिकार के साथ या उसके बिना, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सुधार के ढांचे के तहत एक नई श्रेणी पर विचार करने से व्यापक विचारों वाली पहले से चल रही चर्चा ह्लजटिलह्व हो जाएगी। उन्होंने कहा, ह्लसुधारों के मार्ग को सुव्यवस्थित और त्वरित करने के लिए सुधारों के दायरे को मौजूदा ढांचे तक सीमित रखना महत्वपूर्ण है।ह्व भारत दशकों से सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग कर रहा है।

## रोहिंग्या और बांग्लादेशियों समेत 250 लोगों को ले जा रही नौका अंडमान सागर में डूबी

**अंडमान सागर**

**अंडमान** सागर से एक हृदयविदारक खबर सामने आई है। संयुक्त राष्ट्र की शरणार्थी और प्रवासन एजेंसियों ने जानकारी दी है कि मलेशिया जा रही एक नाव के समुद्र में पलटने से कम से कम 250 लोग लापता हो गए हैं। लापता लोगों में म्यांमार के रोहिंग्या शरणार्थी और बांग्लादेशी नागरिक शामिल हैं। यह घटना एक बार फिर उन जोखिमों को उजागर करती है, जिन्हें बेहतर भविष्य की तलाश में मजबूर लोग हर साल उठाते हैं। इस घटना के



बाद किसी खोज अभियान की स्थिति बुधवार तक स्पष्ट नहीं हो सकी और न ही यह पता है कि नौका कब डूबी।

संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) और अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने मंगलवार को जारी संयुक्त बयान में कहा कि यह नाव टेकनाफ से रवाना हुई थी, जो बांग्लादेश के दक्षिणी जिले कॉक्स बाजार में स्थित है और इसमें बड़ी संख्या में यात्री सवार थे जो मलेशिया जा रहे थे। एजेंसियों के अनुसार, अधिक भीड़, तेज हवाओं और उफनते समुद्र के कारण नाव का नियंत्रण बिगड़ गया और वह डूब गई। यूएनएचसीआर और आईओएम ने कहा कि यह घटना रोहिंग्या लोगों के लंबे समय से चले आ रहे विस्थापन और स्थायी समाधान के अभाव को दर्शाती है।

## नाकेबंदी तोड़ने की चीनी कोशिश नाकाम, पीछे हटने को मजबूर हुआ 'रिच स्टारी'

**अमेरिका**

**होर्मुज** जलडमरूमध्य में तनाव अपने चरम पर पहुँच गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा घोषित ईरानी बंदरगाहों की सख्त सैन्य नाकेबंदी के पहले 24 घंटों में ही अमेरिका को बड़ी कामयाबी मिली है। शिपिंग डेटा के अनुसार, चीन के स्वामित्व वाला प्रतिबंधित टैंकर 'रिच स्टारी' अमेरिकी नौसेना की घेराबंदी को तोड़ने में विफल रहा और बुधवार को उसे वापस मुड़ना पड़ा। वर के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को इस नाकेबंदी की घोषणा की थी। यह घोषणा तब की गई जब इस्लामाबाद में वर और ईरान के बीच सप्ताहांत में हुई शांति वार्ता किसी समझौते पर पहुंचने में नाकाम रही। वर सेंट्रल कमांड ने " (पहले ट्विटर) पर कहा, "पहले 24 घंटों के दौरान, कोई भी जहाज वर की नाकेबंदी को पार नहीं कर पाया।" उन्होंने आगे बताया कि छह जहाजों ने वर सेना के निर्देशों का पालन करते हुए वापस मुड़कर ईरानी बंदरगाह में फिर से प्रवेश किया। यह चीनी स्वामित्व वाला टैंकर उन कम से कम आठ जहाजों में से एक था जो मंगलवार को इस जलमार्ग से गुजर रहे थे। मंगलवार वर नाकेबंदी का पहला दिन था।


**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email: akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

## पाकिस्तान से लौटने के बाद अपने ससुराल भारत के बारे में क्या बड़ी बात कह दी

**पाकिस्तान**

**अमेरिकी** उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की पाकिस्तान यात्रा के दौरान भले इस्लामाबाद ने उन्हें प्रभावित करने की कोशिश की हो, लेकिन उनके दिल में भारत के प्रति एक विशेष लगाव साफ झलकता है। यह भावना केवल राजनीतिक नहीं बल्कि व्यक्तिगत और पारिवारिक जुड़ाव से भी गहराई से जुड़ी हुई है। हम आपको बता दें कि अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने अपने भारतीय मूल के ससुराल पक्ष की खुलकर सराहना की है। यह बयान खासतौर पर ऐसे समय में आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन नागरिकता और आप्रवासन को लेकर सख्त रुख अपनाए हुए है और देश में इस विषय पर व्यापक बहस चल रही है।भारत खबर अपडेट हम आपको बता दें कि मंगलवार को जॉर्जिया विश्वविद्यालय में आयोजित टर्निंग प्वाइंट यूएसए के एक कार्यक्रम में बोलते हुए वेंस ने अमेरिका में आप्रवासियों की भूमिका को समृद्ध करने वाला बताया। उन्होंने अपने निजी अनुभव साझा करते हुए कहा कि उनके ससुराल वाले भारत से आए हैं और उन्होंने अमेरिका के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वेंस ने कहा कि उन्हें अपने ससुराल वालों पर गर्व है और वह अमेरिका के लिए उत्कृष्ट योगदानकर्ता रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान आप्रवासन प्रणाली को लेकर मौजूद चुनौतियां भी सामने आईं। एक भारतीय मूल की युवती ने वेंस से



सवाल किया कि उसके माता पिता एक दशक से अधिक समय से एचवनबी वीजा पर अमेरिका में रह रहे हैं, लेकिन ग्रीन कार्ड मिलने में अत्यधिक देरी हो रही है। उसने पूछा कि लंबे समय से प्रतीक्षा कर रहे लोगों के लिए इस प्रणाली को कैसे सुधारा जा सकता है? इस पर वेंस ने जवाब देते हुए कहा कि एचवनबी प्रणाली में काफी धोखाधड़ी की समस्या है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। हालांकि उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि बहुत से आप्रवासी ऐसे हैं जिन्होंने अमेरिका को समृद्ध किया है। उन्होंने अपने निजी जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि उनकी पत्नी भारतीय आप्रवासियों की बेटी हैं और उनके ससुराल वाले अमेरिका के लिए प्रेरणादायक उदाहरण हैं।

वेंस ने नागरिकता के साथ आने वाली जिम्मेदारियों पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि चाहे कोई व्यक्ति कई पीढ़ियों से अमेरिका में रह रहा हो या हाल ही में वहां पहुंचा हो, नागरिक बनने के बाद सबसे महत्वपूर्ण कर्तव्य देश के हित को सर्वोपरि रखना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नागरिकों को अपने मूल देश या किसी विशेष समूह के हित से ऊपर उठकर अमेरिका के हित में सोचने की आवश्यकता है। अपने ससुर के बारे में बात करते हुए वेंस ने उन्हें एक अद्भुत व्यक्ति बताया। उन्होंने कहा कि उनके ससुर भारत से अमेरिका आए, यहां शिक्षा प्राप्त की और नागरिक बने, लेकिन उन्होंने कभी भी अपने मूल देश के हितों को प्राथमिकता देने के लिए दबाव नहीं डाला। यह उदाहरण वेंस के अनुसार एक आदर्श अमेरिकी नागरिक की पहचान को दर्शाता है। हम आपको याद दिला दें कि जेडी वेंस और उनकी पत्नी उषा वेंस अपने बच्चों के साथ पिछले साल अप्रैल में भारत आये थे। इस दौरान उन्होंने भारत की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों का अनुभव किया था।